वर्ष- 21 अंक - 324 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...




इंदौर, रविवार 10 मई 2026



# तमिलनाडु में अब विजय सरकार

## थलपति ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

## 29 साल की कीर्तना समेत 9 विधायक भी बने मंत्री

चेन्नई ● एजेंसी

**एक्टर से नेता बने थलपति विजय अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बन गए। उनकी पार्टी टीवीके के बहुमत साबित करने के बाद अब उन्हें आज चेन्नई स्थित नेहरू स्टेडियम में राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई।**

शपथ ग्रहण समारोह में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अलावा एक्टर विजय की करीबी अभिनेत्री तृषा कृष्णन साउथ इंडियन लुक में पहुंचीं। सिल्क साड़ी, बालों में गजरा और माथे पर बिंदी लगाए एक्ट्रेस बेहद प्यारी लग रही थीं। विजय के साथ 9 मंत्रियों ने भी शपथ ली, जिनमें 29 साल की कीर्तना शिवकाशी भी शामिल हैं। एक्टर विजय ने जैसे ही शपथ लेते हुए मैं जोजेफ विजय.... कहा वैसे ही पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मंच पर एक्टर विजय के साथ राहुल गांधी भी नजर आए। एक्टर विजय ब्लैक पेंट और व्हाइट शर्ट पहनकर सादगी भरे अंदाज में शपथ लेने पहुंचे। एक्टर विजय की शपथ के साथ ही तमिलनाडु में द्रमुक और अन्नाद्रमुक का वर्चस्व फिलहाल खत्म हो गया और एक बार फिर तमिलनाडु को फिल्मी सितारे के रूप में एक मुख्यमंत्री मिल गया। एक्टर विजय के पहले जयललिता, करुणानिधि, एमजी रामचन्द्रन और जानकी रामचन्द्रन भी फिल्मी पर्दे से मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे थे। अब यही कमाल एक्टर विजय ने किया है। आंध्रप्रदेश में भी एनडी रामाराव फिल्मी पर्दे से लेकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे थे।





### अब जम्मू-कश्मीर में बुलेट ट्रेन की तैयारी

**जम्मू.एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में कनेक्टिविटी को नया आयाम देने के लिए रेलवे अब यहां बुलेट ट्रेन लाने की तैयारी कर रहा है। कश्मीर तक वंदे भारत ट्रेन पहुंचाने के बाद रेल मंत्रालय ने अमृतसर से जम्मू के बीच हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने पर काम शुरू कर दिया है। इससे जम्मू से अमृतसर दो घंटे में पहुंच सकेंगे।

### दूल्हे के सामने बॉयफ्रेंड के पास पहुंची दुल्हन

**वाराणसी.एजेंसी।** वाराणसी में शादी समारोह के दौरान दुल्हन ने दूल्हे को वरमाला पहनाने से इनकार कर दिया और अपने प्रेमी के पास पहुंच गई। दुल्हन की जिद के आगे परिवार वाले भी हार मान गए। मामला थाने तक पहुंचा, आखिरकार दुल्हन की शादी उसके प्रेमी से करा दी।

## दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

### भाजपा मुख्यालय की भी सुरक्षा बढ़ाई

**नईदिल्ली.एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में आतंकी हमला हो सकता है। आतंकी यहां गोलीबारी के साथ आत्मघाती हमले कर सकते हैं। भाजपा मुख्यालय और सरकारी इमारतों के अलावा भीड़भाड़ वाले इलाकों को निशाना बना सकते हैं। इस खुफिया इनपुट के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी किया गया है। यहां भाजपा मुख्यालय और सरकारी दफ्तरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### अमेरिका में बोट में धमाका, 11 घायल

**फ्लोरिडा.एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा में मियामी बीच के पास लोकप्रिय पर्यटन स्थल हॉलओवर सैंडबार पर एक बोट में विस्फोट हो गया जिससे 11 लोग घायल हो गए। बोट से गैस लीक होने के बाद विस्फोट हुआ है।

## पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला, 15 की मौत

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान के बन्नू में एक पुलिस चौकी पर कार बम से हमला किया गया। कार को मेनगेट से टक्कर मारकर धमाका किया गया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि पूरी पुलिस चौकी ढह गई। इस धमाके से कम से कम तीन अधिकारियों की मौत हो गई। इसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों पर घात लगाकर हमला किया गया। इस हमले में 15 पुलिसकर्मियों के मारे जाने की आशंका है।

## केंद्रीय मंत्री का बेटा 17 साल की लड़की और 5 करोड़ की डिमांड




**हैदराबाद.एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे बंदी भगीरथ पर हैदराबाद में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ है। 17 साल की लड़की के परिवार ने उन पर शादी का झांसा देकर संबंध बनाने और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। वहीं भगीरथ ने खुद को हनीट्रैप का शिकार बताते हुए लड़की के परिवार पर 5 करोड़ रुपए की वसूली की कोशिश का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### होर्मुज में ईरान ने तैनात की सैकड़ों नाव

**तेहरान.एजेंसी।** होर्मुज में ईरान ने छोटी और तेज नावों का जाल बिछा दिया है। सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि करीब 100 ऐसी नाव तैनात की गई हैं। अमेरिका की नाकेबंदी और ईरानी जहाजों पर उसके हमलों को देखते हुए IRGC ने ये फैसला लिया है।

## सचिन पायलट आज भी भाजपा के संपर्क में

**जयपुर.एजेंसी।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने सचिन पायलट को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सचिन पायलट आज भी भाजपा के संपर्क में है। उन्होंने सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री बनना उनकी किस्मत में नहीं, अब मैं कोई किस्मत थोड़ी लिखूंगा। ज्ञात रहे कि इसके पहले भी उन्होंने कांग्रेस से बगावत कर भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने का प्रयास किया था।

### भाजपा नेता को मारी गोली हालत नाजुक

**लखनऊ.एजेंसी।** लखनऊ के बाजारखाला इलाके में भाजयुमो नेता श्याम चेतन तिवारी को पुरानी रंजिश के चलते गोली मार दी गई। घायल चेतन तिवारी को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी वैभव बाजपेई की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया है।

### योगी कैबिनेट का विस्तार आज

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार होने जा रहा है। दोपहर 3 बजे लखनऊ लोकभवन में नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। सरकार में कुछ नए चेहरों को शामिल किए जाने की संभावना है। इसके साथ ही साथ कई मंत्रियों के विभाग बदलने की भी चर्चा है।

## बुंदेली लोक गायिका की हत्या के बाद जलाई लाश



**झांसी.एजेंसी।** झांसी में बुंदेली लोकगीत गायिका लाडकुंवर उर्फ लवली मौर्या की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। महिला का शव सुनसान जंगल में नदी किनारे अधजली हालत में मिला है। मौके से शराब की बोतलें, जला मोबाइल और संदिग्ध चीजें मिलने के बाद पुलिस हत्या और सबूत मिटाने के एंगल पर जांच कर रही है। मृतका हत्या के मामले में जेल जा चुकी थी।

# मुख्यमंत्री बोले- मेला और उत्सव से होता है मेल-मिलाप



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

लालबाग में चल रहे मालवा उत्सव में कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचे। उन्होंने वहां मंच पर आयोजित लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को भी देखा। यादव ने संबोधन में कहा मेला और उत्सव में मेल-मिलाप का आयोजन होता है, जिससे आत्मीयता बढ़ती है, सांस्कृतिक एकता का भाव आता है। आयोजन की सराहना भी मुख्यमंत्री ने की। आयोजक संस्था को 5 लाख रु. की सहायता की घोषणा भी मुख्यमंत्री ने की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन छोटे कलाकारों, हस्तशिल्पियों, दुकानदारों, ठेले एवं झूला संचालकों सहित अनेक लोगों के रोजगार और अर्थतंत्र को भी मजबूती देते हैं। मुख्यमंत्री का स्वागत लोक नृत्य दल द्वारा किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे।



## सीटी स्केन और एमआरआई मशीन का लोकार्पण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एमवाय अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि की गई। सीटी स्केन और एमआरआई मशीन लगाई गई, जिसका लोकार्पण किया गया। सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, अधीक्षक डॉ. अशोक यादव, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. अमन गुप्ता मौजूद थे।



## मिश्रा के निवास पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के निवास पहुंचकर उनकी भाभी मीना मिश्रा के निधन पर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण की और शोक जताया। परिजनों के बीच कुछ देर मुख्यमंत्री रूके रहे।

# दिल्ली से आए कामगार नेता से हुई चर्चा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस दिल्ली चेयरमेन विनोद पंवार ट्रेड यूनियन इंटक प्रदेश कार्यलय में पहुंचे, तो वहां ट्रेड यूनियन आन्दोलन और असंगठित कामगार संगठन के संयुक्त रूप से कार्य करने की योजना पर चर्चा की गई। सरकार द्वारा मजदूरों के लिए लाए गए 4 कानून को लेकर चर्चा कर विरोध की रणनीति बनाई गई। युवा नेता राहुल निहोरे ने इंदौर मे ठेला, गुमटी वालो के साथ हो रहे शोषण की बात कही कि किस तरह निगम द्वारा उनके ठेले को तोड़ कर उनके साथ आतंवादियों जैसा व्यवहार करती है इसकी जानकारी भी राष्ट्रीय नेता को दी। स्वागत श्यामसुन्दर यादव, राहुल निहोरे, रुद्रपाल यादव ने किया।

### प्रिय जन प्रतिनिधियों

पुलिस जनता को खूब तल रही है,
तल ही नहीं रही है,
जेब पर डाका भी डाल रही है,
डाका ही नहीं डाल रही है
इतनी गर्मी में हेलमेट पहना रही
पता नहीं किस जुल्म का बदला ले रही है
हम तो आपके ही है
आपके ही रहेंगे
पर पता तो करो
किस महामहिम ने हुक्म दिया
पर जुल्म है
अंग्रेज भी ऐसे ही थे क्या?

**नकुल रतन पाटोदी**



## मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रही ताई



### मैंगो जत्रा में आए 24 किसानों को प्रोत्साहन राशि

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर प्रवास के दौरान मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित मैंगो जत्रा में शिरकत की। कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन भी मौजूद रही। वहीं इंदौर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी की भी मौजूदगी मैंगो जत्रा प्रवास के दौरान नजर आई। हाट बाजार में पहुंचे मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र के 24 आम उत्पादक किसानों को 11-11 हजार रु. प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। आम के स्टॉलों पर भी मुख्यमंत्री पहुंचे थे। मुख्यमंत्री का संस्था के सुधीर दांडेकर, तृप्ति महाजन, राजेश शाह ने स्वागत सम्मान किया।

# नेमा ने जारी किए जोशी के साथ के पल





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

विधानसभा 3 में कई चुनाव आमने-सामने अश्विन जोशी और गोपीकृष्ण नेमा ने लड़े दोनों ने एक-दूसरे को हराया भी और दोनों ही विधायक भी बने। अब जब अश्विन जोशी नहीं है तो गोपीकृष्ण नेमा ने अश्विन जोशी के साथ के चित्र भी जारी किए। नेमा ने कहा कि जोशी के साथ उनकी चाय पर चर्चा होती थी। अश्विन जोशी को सभी मुंह फट मानते थे। नेमा ने कहा कि उनके स्पष्ट बोलने के कारण मेरी उनकी विचारधारा मेल खाती थी। चुनावी संघर्ष और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच हमारे संबंध सोच से परे विचार और निकटता का रहा। हठी जिद्दी और मुँह फट कहने वालों को शायद अंदर के दूसरे अश्विन को देखने का मौका ही नहीं मिला होगा। लेकिन जिसने इस पक्ष को देखा है वे जानते हैं कि विभिन्न विषयों के अध्ययन करने की रुचि और उन विषयों को अपने मस्तिष्क में संजोने का भाव तथा समय समय पर उनको उच्चारित करने की आदत कविता शेर-शायरी में डूबकर उन्हें याद रखना और दोस्तों के बीच बातों-बातों में उनका उदाहरण करना ही अश्विन की आदत में शुमार था। हम आपस में चाय-नाश्ते की दुकान पर साथ में चाय-नाश्ता करते थे। कई लोगों को इससे कौतूहल भी होता था। हम दोनों व्यक्तिगत वाद-विवाद आलोचना से दूर रहे। अश्विन जोशी रोजाना शाम को मालगंज चौराहा ठीए पर आते थे और वहां देश, विदेश, राजनीतिक दलों की बातें भी होती थी। नेमा ने कहा कि अश्विन जोशी ने कई शेर, कविताएं, गजले भी सुनाई, जो कानों में अब सुनाई देंगी, अश्विन को अलविदा कहते हुए नेमा ने कहा कि तुम जरूर याद आओगे..।

# कांग्रेस ने झोन घेराव के लिए की जिम्मेदारी तय

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने पूर्व में ही ऐलान कर दिया था कि 14 मई को सुबह 9 बजे से शहर में नगर निगम के लगने वाले सभी 22 झोनों पर कांग्रेसी एक साथ हल्ला बोलकर पानी की समस्या मुद्दे पर झोन का घेराव करेंगे। अब इस मुद्दे पर कांग्रेस सजग हो गई है और झोन घेराव की तैयारियां शुरू कर दी है। कल कांग्रेस ने सभी निगम झोन स्तर पर जिम्मेदारी तय कर दी है, जहां-जहां झोन के अन्तर्गत कांग्रेस के पार्षद है वहां कांग्रेस पार्षद को मुख्य प्रभारी बनाया है, जहां कांग्रेस का पार्षद झोन अन्तर्गत नहीं होगा वहां ब्लॉक अध्यक्ष उस झोन क़े घेराव का नेतृत्व करेगा। जहां पार्षद है वहां ब्लॉक अध्यक्ष और सभी वार्ड अध्यक्ष और जो शहर के पदाधिकारी उस झोन क्षेत्र में रहते हैं वे भी साथ में प्रभारी की भूमिका निभाएंगे, जिससे हर झोन पर कांग्रेस भीड़ जुटा सके। कुल मिलाकर कांग्रेस ने हल्ला बोल के अन्तर्गत पानी की समस्या को लेकर झोन घेराव की रणनीति बना दी है। पार्षद ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर मंडलम अध्यक्ष और बूथ स्तर पर भी तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस द्वारा फोन भी लगाए जा रहे हैं।

**पार्षद होंगे नेतृत्वकर्ता, जहां नहीं है कांग्रेस का कार्पोरेटर वहां ब्लॉक अध्यक्ष करेगा नेतृत्व**

# अंतिम सफर पर अश्विन जोशी... नम आंखों से दी विदाई

## भाजपा-कांग्रेस नेताओं सहित कइयों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



विधानसभा तीन के पूर्व विधायक अश्विन जोशी का शुक्रवार सुबह निधन हो गया था। जोशी के बेटे आदित्य कल विदेश से लौटे जिसके बाद आज उनका अंतिम संस्कार किया गया। जोशी के इमली बाजार स्थित निवास से आज उनकी अंतिम यात्रा निकली। उनका अंतिम संस्कार रामबाग मुक्तिधाम पर किया गया। जोशी को कांग्रेस, भाजपा नेताओं के अलावा क्षेत्रीय रहवासी, व्यापारी, ब्राह्मण समाज और मीडिया कर्मियों सहित अन्य ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। फूले से सजे रथ पर अश्विन जोशी आज अंतिम सफर निकले तो सभी की आंखे नम हो गई। उल्लेखनीय है कि वे तीन बार विधायक रहे है।



# मदर्स-डे आज...

## मां के प्रेम से रंगा सोशल मीडिया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज मदर्स-डे पर अपनी माताओं के लिए बेटे-बेटी तत्पर दिखाई दे रहे हैं, जहां घरों में आज बेटों ने माँ का पाद-पूजन किया, माँ को मातृ दिवस की बधाई भी दी और माँ से आशीर्वाद भी लिया। वहीं आज सोशल मीडिया मदर्स-डे से भरे पड़े हैं। सोशल मीडिया पर कविता, शेर-शायरी और रचना पाठ तक प्रस्तुत किए जा रहे हैं, कुल मिलाकर आज का रविवार माताओं के नाम है और बेटे-बेटी माँ को याद कर रहे हैं। बेटा-बहू भी आशीर्वाद ले रहे हैं। इधर बेटी के साथ जवाई भी आज मदर्स-डे पर मातृ रूप में याद कर रहे हैं।

# भाजपा नेता की कार में लगी आग



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

प्रजापत नगर स्थित राम टेकरी क्षेत्र में बीती रात भाजपा नेता की कार में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग से कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कल रात कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूएम 4004 में आग लग गई। कार सुदामा नगर निवासी भाजपा नेता शिवेन्द्रसिंह गौड की बताई जा रही है। फायर ब्रिगेड ने 5 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि शिवेन्द्र सिंह युवा मोर्चा से जुडे है।

# आज कांग्रेस ने सभी आयोजन निरस्त किए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज कांग्रेस ने अपनी सभी बैठक और 14 मई को होने वाले झोन प्रदर्शन को लेकर रणनीति की बैठकें भी निरस्त कर दी है। उल्लेखनीय है कि आज पूर्व विधायक अश्विन जोशी की शवयात्रा उनके निवास से निकली और कांग्रेसी उसमें बड़ी संख्या में शामिल हुए हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि आज कोई भी बैठक कांग्रेस की आयोजित नहीं जाएगी और ना ही कोई कार्यक्रम होंगे।

# चैकिंग के नाम पर दुर्व्यवहार बंद हो

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंत्री तुलसीराम सिलावट से जुड़े सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बेग ने कहा कि पुलिस द्वारा चैकिंग के नाम पर चौराहा-चौराहा पर दुर्व्यवहार किया जाता है। गाड़ी की चाबी छीन ली जाती है, चौराहा पर यातायात सुधारने के बजाए चैकिंग के नाम पर गाड़ियों की भीड़ खड़ी कर ली जाती है, आम जनता के साथ पुलिस दुर्व्यवहार करती है, यहां तक अभद्र भाषा और मारपीट भी कर देती है और इंदौर के जनप्रतिनिधि पुलिस के खिलाफ चुप्पी साधे हुए हैं। मंजूर बेग ने कहा कि पुलिस तत्काल चैकिंग के नाम पर जनता से दुर्व्यवहार बंद करें, अच्छी भाषा का उपयोग करें, हाथ नहीं उठाए, गाड़ियों की चाबी नहीं छीने।

# राहुल गांधी ने भिजवाया जोशी के यहां शोक पत्र

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तीन बार के विधायक अश्विन जोशी के निधन पर कांग्रेस आलाकमान और लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शोक पत्र अश्विन जोशी की धर्मपत्नी पिंकी जोशी के नाम से भेजा और निधन पर दु:ख जताया।

# जैन महासंघ अध्यक्ष ने नवकारसी विवाद पर लिखित में जताया खेद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

महावीर जन्म कल्याणक पर आयोजित नवकारसी कार्यक्रम को लेकर पिछले 40 दिनों से चल रहा विवाद कल करीब डेढ़ घंटे तक की चर्चा के बाद उस समय समाप्त हो गया जब जैन महासंघ अध्यक्ष विजय मेहता ने लिखित रूप से नवकारसी विवाद पर खेद व्यक्त किया। इस मामले में आचार्य डॉ. मुक्तिसागर सूरिश्वर म.सा. ने 8 मई को संदेश समन्वय का जारी किया था। महासंघ संरक्षक राजेश चेलावत के प्रयास से यह समझौता हुआ और 40 दिन पुराना नवकारसी विवाद सहमति के साथ समाप्त हुआ। इस दौरान राजेश चेलावत, विजय

## 40 दिन बाद थमा विवाद

मेहता, अक्षय जैन, मनीष सुराणा, सौरभ कोठारी मौजूद थे। इस डेढ़ घंटे की चर्चा में नवकारसी कार्यक्रम के दौरान उत्पन्न हुए पूरे घटनाक्रम पर बिंदुवार चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने अपने-अपने दृष्टिकोण रखे और विवाद के प्रत्येक पहलू पर विस्तार से मंथन किया। यह भी तय हुआ कि आचार्य डॉ. मुक्ति सागर की प्रेरणा से प्रत्येक वर्ष महावीर जन्म कल्याणक पर आयोजित होने वाली नवकारसी का आयोजनकर्ता श्री नाकोड़ा जैन कांफ्रेंस ही रहेगा। समाजहित के कार्यों में परस्पर सहयोग और समन्वय के साथ आगे बढ़ने पर भी सहमति बनी। यह विवाद पूर्व में भी समाप्त हो सकता था, लेकिन महासंघ पदाधिकारी बैठने को तैयार नहीं थे और ना ही गलती स्वीकार करने को तैयार थे। अध्यक्ष विजय मेहता अड़े हुए थे, लेकिन समाज और जैन समाज के साधु-संत भी मुद्दे को समाप्त करवाना चाहते थे। जब यह मामला मीडिया की सूर्खी बना तब जाकर विजय मेहता को चिंता हुई। अब विवाद शांतिपूर्ण डेढ़ घंटे की चर्चा के बाद सकारात्मक समाधान निकला है। इस मामले में सामाजिक प्रबुद्धजनों का कहना है कि संवाद और सौहार्द ही समाज को विभाजन से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है, जो पूर्व में भी किया जाना चाहिए था।

# ध्वनि विस्तारक यंत्र का शोर कागजों तक सीमित -कांग्रेस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने आरोप लगाया कि सांसद शंकर लालवानी की संस्था लोक संस्कृति मंच द्वारा मालवा उत्सव का आयोजन दशहरा मैदान पर कराया जा रहा है। यहां रात में भी ध्वनि प्रदूषण हो रहा है, जबकि प्रशासन ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर कायदे-कानून बनाकर प्रतिबंध लगाया है। रात में ध्वनि विस्तारक यंत्र नहीं बजाए जा सकते हैं और दिन में भी उनके बजने की स्पीड भी नियंत्रण की गई है, जबकि मालवा उत्सव में रात 10 बजे के बाद भी लाउड स्पीकर बज रहे हैं, जिन में भी निर्धारित से ज्यादा तेज आवाज में यह लाउड स्पीकर बजाए जाए हैं। पार्किंग के नाम पर भी मालवा उत्सव में मनमाना शुल्क लिया जा रहा है और रसीद अधिकांश को नहीं दी जा रही है। द्विवेदी के मुताबिक चार पहिया वाहन से 50 रु. और दो पहिया वाहन से 20 रु. वसूले जा रहे हैं। संस्था द्वारा भारी भरकम राशि में ठेका दिया गया, इसी कारण भारी भरकम पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। कोई बोलने वाला नहीं मिला। बड़े जनप्रतिनिधि की संस्था है इसलिए छोटे जनप्रतिनिधि मौन रहे। सत्ता के सांसद है इसलिए अधिकारियों की भी चुप्पी रही। द्विवेदी ने यहां तक आरोप लगाया कि मेला में आकस्मिक चिकित्सालय भी नजर नहीं आया और एक तरफ नगर निगम व प्रशासन फायर सेफ्टी को लेकर लगातार काम कर रहा है और इधर मेला में आग के बचाव के उपाय भी ठीक से नजर नहीं आए। दशहरा मैदान पर गर्मियों में खेल के बड़े आयोजन प्रशिक्षण के रूप में होते हैं। यह खेल आयोजन भी बंद कर दिए गए हैं। क्योंकि मालवा उत्सव के लिए टेंट और जगह निर्माण की गई है, वहीं वाहन स्टैण्ड बनाए गए हैं, जिसमें भी जगह लगी है। द्विवेदी ने सीधा-सीधा आरोप लगाया कि आखिरकार भाजपा नेताओं और उनके समर्थकों के आयोजन पर सरकारी आदेशों की अवहेलना क्यों की जाती है। इंदौर विकास प्राधिकरण एवं नगरनिगम तथा अन्य विभागों को सांप सूंघ क्यों लेता है। सुरक्षा के नियमों का पालन क्यों नहीं किया जाता है अग्निशमन यंत्र वहां क्यों नहीं है। पूरे दशहरा मैदान खेल के मैदान को खेल आयोजनों से दूर करके मेला मैदान और वाहन स्टैंड में तब्दील किया गया है। उक्त पूर्ण जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोदकुमार द्विवेदी द्वारा दी गई और मालवा उत्सव पर सवाल भी उठाए।

## मालवा उत्सव दशहरा मैदान पर लिया जा रहा पार्किंग शुल्क गलत

# साल की पहली लोक अदालत में निगम ने वसूले 49 करोड़

## 3 जोनल कार्यालय से ही हो गई 19 करोड़ की वसूली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा इस साल की पहली लोक अदालत में ही 49 करोड रुपए की राशि टैक्स के रूप में वसूल की गई है। इसमें से 19 करोड रुपए की राशि तो केवल तीन जोनल कार्यालय क्षेत्र से ही वसूल हो गई है।**

कल आयोजित की गई लोक अदालत के लिए नगर निगम के द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारी की गई थी। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और अपर आयुक्त आकाश सिंह के द्वारा निगम के राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक लेकर यह निश्चित किया गया था कि हमें इस लोक अदालत में 103 करोड रुपए की राशि वसूल करना है। पिछले दो लोक अदालत से नगर निगम के द्वारा हर बार 100 करोड रुपए से ज्यादा की राशि वसूल की जा रही है। इस परंपरा को कायम रखने की कोशिश इस बार की लोक अदालत में भी की गई। इस कोशिश का ही यह परिणाम रहा कि इस पहली लोक अदालत में ही नगर निगम के पास 49 करोड रुपए जमा हो गए।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि इसमें 11167 रसीदों के माध्यम से संपत्ति कर में 47 करोड रुपए जमा हुए हैं। जब की 2872 रसीदों के माध्यम से जलकर में 2 करोड रुपए जमा हुए हैं। इस तरह कुल 14000 से ज्यादा रसीदों के माध्यम से 49 करोड रुपए जमा हो गए हैं। इसमें से सबसे ज्यादा राशि जोन क्रमांक 13 से जमा हुई है। वहां से 7.5 करोड रुपए का टैक्स प्राप्त हुआ है। जबकि जोन क्रमांक 22 से 5.77 करोड़ और जोन क्रमांक 21 से 5.67 करोड़ रुपए की राशि जमा हुई है। इंदौर नगर निगम के लिहाज से यह लोक अदालत अच्छी और सफल रही। इस लोक अदालत में नगर निगम को पर्याप्त राशि टैक्स के रूप में प्राप्त हो सकती है। यह एक अलग बात है कि जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था उसकी तुलना में आधी राशि ही मिल पाई है। फिर भी हमेशा इस तरह की पहली लोक अदालत में जितना पैसा मिलता है उसकी तुलना में तो इस बार कई गुना ज्यादा पैसा मिला है।

# बिजली कम्पनी ने दी 1 करोड़ 10 लाख की छूट

**लोक अदालत में 3638 प्रकरणों का निराकरण**

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी को वित्तीय वर्ष की पहली लोक अदालत में हजारों प्रकरणों के निराकरण में सफलता मिली है। लोक अदालत में बिजली वितरण कंपनी कार्य क्षेत्र के 3638 प्रकरण निराकृत हुए हैं। उपभोक्ताओं को बिजली उपयोगकर्ताओं को 1.10 करोड़ रू की छूट नियमानुसार, पात्रता अनुसार प्रदान की गई है । विद्युत वितरण कंपनी को 4.16 करोड़ रू का राजस्व प्राप्त हुआ है। लोक अदालत को प्रभावी बनाने के लिए कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों में हजारों नोटिस जारी कर समझौते के लिए उपभोक्ता, उपयोगकर्ता को तैयार कर ऊर्जा विभाग के आदेशानुसार छूट प्रदान करने की प्रभावी तैयारी की गई थी। सतर्कता और मैदानी कार्मिकों के माध्यम से लोक अदालत के लिए सघनतम प्रयास किए थे। बिजली कंपनी क्षेत्र के प्रत्येक जिले में लोक अदालत के लिए सैंकड़ों कार्मिकों ने अधिक से अधिक प्रकरण हल कराने के निमित्त सेवाएं दी। इस लोक अदालत में 10 लाख रूपए तक के सिविल दायित्व के प्रकरणों में समझौते की सीमा निर्धारित थी। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता किया गया। प्री-लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट, लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट निर्धारित थी। एमडी अनूपकुमार सिंह और सतर्कता अधिकारी एसआर बमनके का मार्गदर्शन मिला था।

# रिकॉर्ड तोड़ती नजर आने लगी गर्मी

## कल तापमान पहुंच गया 42 डिग्री पर, अभी और बढ़ेगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**गर्मी के इस मौसम में अब गर्मी रिकॉर्ड तोड़ती हुई नजर आने लगी है। कल शहर में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अब आने वाले दिनों में यह तापमान और ज्यादा बढ़ाने की उम्मीद नजर आ रही है। मौसम विशेषज्ञों का भी कहना है कि अभी इस तापमान में इजाफा होगा।**

इस बार तो अप्रैल के महीने से ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए थे। परिणाम यह हुआ कि तेज गर्मी से लोग हाल बेहाल होने लगे। इस स्थिति को देखते हुए दोपहर के समय पर सड़क पर आना-जाना करने से आम आदमी बचने की कोशिश करना है। स्थिति यह हो गई है कि कल शहर में दिन में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया था।

तापमान के इस स्तर तक पहुंचने के कारण लोगों की बेचैनी और गर्मी के प्रभाव दोनों नजर आने लगे हैं। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अभी तो गर्मी की शुरुआत का दौर है अभी तो नव तपा सहित गर्मी का पूरा दौर बाकी है। ऐसे में आने वाले दिनों में तेज गर्मी पड़ेगी। अभी तापमान और ज्यादा ऊपर की तरफ जाएगा। नागरिकों को इस बार ज्यादा गर्मी का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### चौराहों पर नहीं लगी ग्रीन नेट

पिछले साल तक तो नगर निगम के द्वारा शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर ग्रीन नेट लगवा दी गई थी ताकि इस चौराहे से गुजरने वाले वाहन चालक जब लाल बत्ती हो और सिग्नल होने का इंतजार कर रहे हो तब उन्हें गर्मी से परेशान नहीं होना पड़े। इस ग्रीन नेट के कारण उन लोगों को छांव मिल सके। इस बार निगम की ओर से ग्रीन नेट लगाने का काम करने में भी लापरवाही की जा रही है। अभी तक केवल एक चौराहे पर ग्रीन नेट लगाई गई है बाकी सभी चौराहे इस तरह की नेट लगने का इंतजार करते हुए नजर आ रहे हैं। नागरिकों को भी इस बात को लेकर नाराजगी है कि नगर निगम को उनकी सुविधा की इतनी छोटी सी चिंता भी नहीं है।

# दुबे का बगीचा स्थित गलियों में अब रहवासियों को नहीं होगी बारिश में परेशानी

## निगम ने किया सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत दुबे का बगीचा क्षेत्र में लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी सड़क निर्माण और सुधार की मांग कर रहे थे। जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया के लगातार प्रयासों के बाद पिछले दिनों में निगम में फाइल मंजूरी के बाद पार्षद पहाड़िया ने विधायक महेन्द्र हार्डिया के मार्गदर्शन में यहां हाल ही में भूमि पूजन के बाद हाथों-हाथ क्षेत्र के रहवासियों की सुविधा के लिए बगीचा क्षेत्र और आसपास की गलियों में नई सिमेंटेड सड़क निर्माण के लिए धीरे - धीरे खुदाई कर नई सड़क बनाने के लिए काम का शुभारंभ भी कर दिया है। जिससे कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में अगले 15 से 20 दिनों में दुबे का बगीचा क्षेत्र और आसपास की गलियों में बेहद जल्द एक के बाद एक धीरे - धीरे नई सीमेंटेड सड़क की सौगात क्षेत्र वासियों को मिलने लगेंगी। जिससे आने वाले दिनों में शुरू होने वाले बारिश के सीजन से पहले लोगों को इस क्षेत्र में बड़ी राहत मिलेगी।

### ड्रेनेज और नर्मदा लाइन डालने के बाद लंबे समय से नहीं हो रहा था सड़क सुधार कार्य

वहीं खास बात यह है कि के निगम द्वारा लंबे समय से इस क्षेत्र में नर्मदा लाइन और ड्रेनेज लाइन डालने के काम के बाद सड़क सुधार और निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ रखा था। वहीं अब क्षेत्रिय पार्षद पहाड़ियां के लगातार प्रयासों से वार्ड के दुबे का बगीचा क्षेत्र में नई सड़क निर्माण को लेकर निगम ने कार्य का शुभारंभ कर दिया है। वहीं आने वाले दिनों में जल्द काम पूरा किया जाएगा। साथ ही इससे पहले भी आसपास की गलियों में सड़क सुधार और निर्माण कार्य पूरा किया गया। जिससे बारिश से पहले लोगो को इसका लाभ मिलेगा।

# माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र चुनाव में दो दिन बाद से मिलेंगे नामांकन फार्म

## पूर्व में हुए चुनाव निरस्त, 24 मई को होगा मतदान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**माहेश्वरी समाज की 9 क्षेत्रीय संगठनों में से 8 के चुनाव हो चुके हैं। एक संगठन पूर्वी क्षेत्र में एक आईडी पर 5 नामांकन और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर शिकवे-शिकायत के बाद चुनाव निरस्त कर दिए गए थे। अब यह चुनाव प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी पूर्ववत संतोष मुछाल ही रहेंगे, लेकिन इस चुनाव में दो नए प्रभारी बनाए गए हैं जिनमें आरएल माहेश्वरी और मांगीलाल कासट है।**

मिली जानकारी के मुताबिक दो दिन बाद 13 मई से फार्म मिलना शुरू होंगे। फार्म दो दिन तक मिलेंगे उसके बाद फार्म जमा करना और जमा फार्म की चैकिंग के बाद सूची का प्रकाशन और फिर नाम वापसी के बाद फिर सूची का प्रकाशन होगी। यह प्रक्रिया 20 मई तक चलेगी और अगर चुनाव निर्विरोध नहीं होते हैं तो 24 मई को यह चुनाव हिन्दी साहित्य समिति में आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि यहां से दो पैनल पहले से आमने-सामने है और अभी भी दो पैनल फिर से चुनाव प्रक्रिया की तैयारी कर रही है। पूरे इंदौर माहेश्वरी समाज की निगाह पूर्वी क्षेत्र के चुनाव पर लगी हुई है। संस्था महेश्वरम को लेकर कुछ लोग नाराज है और वे दूसरे धड़े को समर्थन कर रहे हैं। इसलिए इस बार चुनाव में आमने-सामने की घमासान स्थित बनी हुई है। पिछली बार एक आईडी से 5 फार्म दिए गए थे, लेकिन इस बार नियम में परिवर्तन करते हुए एक आईडी से एक उम्मीदवार को एक ही फार्म दिया जाएगा। यहां अध्यक्ष के दो दावेदार डॉ. सीपी हेड़ा और राजेश सोमानी है। यहां 71 कार्यकारी मंडल के अलावा पदेन सदस्य भी है। पदाधिकारियों के चुनाव के अलावा 71 के कार्यकारी मंडल का चुनाव भी एक साथ होगा और दोनों ही चुनाव की प्रक्रिया दो दिन बाद 13 मई से शुरू हो रही है।

# मास्टर प्लान की सड़क निर्माण के लिए कटेंगे पेड़

## 4 सड़कों पर 93 पेड़ काटने और ट्रांसप्लान करने मिली निगम को अनुमति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में लगातार हरियाली को खत्म किया जा रहा है। विकास के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, चाहे वह अवैध रूप से हो या फिर सड़क निर्माण, पुल-पुलिया और मेट्रो रेल जैसे प्रोजेक्ट्स के तहत। कई लोग अपने प्लॉट और घरों के सामने भी गुपचुप तरीके से पेड़ काट रहे हैं, जबकि छंटाई के नाम पर भी पेड़ों की कटाई की जा रही है। मास्टर प्लान की सड़कों के निर्माण के लिए अब बड़ी संख्या में पेड़ों पर खतरा मंडरा रहा है। शहर की 4 सड़कों पर 93 से अधिक पेड़ों को काटने और ट्रांसप्लांट करने की मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही इन सड़कों पर बाधक बने पेड़ों की कटाई शुरू होने की संभावना है।

### बरगद और पीपल जैसे पड़ों को खतरा

इससे पहले भी मास्टर प्लान की 6 सड़कों पर 670 पेड़ों को काटने और स्थानांतरित करने की अनुमति दी जा चुकी है। वहीं अन्य 13 सड़कों पर पेड़ों का सर्वे जारी है। जिन 4 सड़कों पर हाल ही में अनुमति मिली है, वहां बरगद और पीपल जैसे वर्षों पुराने पेड़ भी शामिल हैं, जिन्हें हटाने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा जोन स्तर पर बनने वाली एक अन्य सड़क के लिए भी पेड़ों की कटाई को स्वीकृति मिल चुकी है।

### इन प्रजातियों के पेड़ कटेंगें

कटाई और स्थानांतरण की जद में आने वाले पेड़ों में नीम, पीपल, बरगद, यूकेलिप्टिस, बबूल, अशोक, गोंदी, बादाम, आम, चम्पा, जामुन, बेलपत्र, गुलमोहर, हरसिंगार, फाइकस, कनेर, सहजन, महोगनी, सीताफल, इमली, आंवला, करंज सहित कई अन्य प्रजातियां शामिल हैं।

पेड़ काटे लेकिन लगाए नहीं

नगर निगम के उद्यान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले सवा पांच वर्षों में करीब 17,500 पेड़ों को काटा या स्थानांतरित किया गया है। हालांकि अवैध रूप से काटे गए पेड़ों का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, जिससे वास्तविक संख्या और अधिक होने की आशंका है। विशेषज्ञों का मानना है कि विकास कार्यों के नाम पर लगातार हो रही पेड़ों की कटाई से शहर में ऑक्सीजन जोन कम होता जा रहा है, क्योंकि जितने पेड़ लगाए जा रहे हैं, उससे कहीं अधिक संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं।

### इन सड़कों पर कटेंगे पेड़

1. किला मैदान रोड (गुटकेश्वर महादेव मंदिर से सदर बाजार) – 25 पेड़
2. जंजीरवाला चौराहा से लक्ष्मी मेमोरियल हॉस्पिटल, नेहरू नगर रोड नंबर 9 होते हुए अटल द्वार तक – 24 पेड़
3. मधुमिलन चौराहा से छावनी होते हुए जगन्नाथ धर्मशाला तक – 20 पेड़
4. नेमीनाथ चौराहे से जिंसी चौराहा तक – 3 पेड़
5. बदल का भट्टा से पुलिया तक रोड चौड़ीकरण – 21 पेड़

# 77 लाख के रेडीमेड डिवाइडर खरीदेगा निगम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के द्वारा 77 लाख रुपए के रेडीमेड डिवाइडर खरीदे जाएंगे। इन्हें पूरे इंदौर के जोनल कार्यालय के क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुख्य मार्ग पर स्थापित किया जाएगा।**

शहर में मौजूद यातायात की समस्या में एक बड़ा कारण यह भी है कि कई स्थानों पर मुख्य मार्ग पर सड़क पर डिवाइडर नहीं है। ऐसे में दोनों तरफ के वाहन चालक बड़ी संख्या में तेजी से आगे जाने की कोशिश में बढ़ जाते हैं जिसके चलते हुए सड़क पर जाम लग जाता है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए दो ही तरीके हैं कि या तो नगर निगम सड़क पर पक्का स्थाई डिवाइडर बनाकर तैयार कर दे और दूसरा है कि अस्थाई डिवाइडर रखकर यातायात को संभाला जाएं। अस्थाई डिवाइडर के रूप में नगर निगम के द्वारा जो प्लास्टिक के डिवाइडर रखे जाते हैं तो वे कई बार हवा से उड़ जाते हैं और कई बार वाहन चालक ठोकर मारकर उसे गिरा देता है। ऐसे में प्लास्टिक के डिवाइडर को रखने के बाद भी कोई फायदा नहीं होता है।

**सभी जोनल कार्यालय क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर किए जाएंगे स्थापित**

इस स्थिति में नगर निगम के द्वारा अब सीमेंट के बने हुए मजबूत डिवाइडर जिसे की प्रीकास्ट डिवाइडर कहा जाता है वह खरीदने का फैसला लिया गया है। निगम के द्वारा 77 लाख रुपए से अधिक राशि के यह डिवाइडर खरीदने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है इसके लिए इस तरह के डिवाइडर बेचने वालों से निगम के द्वारा 8 जून तक उनके ऑफर बुलवाए गए हैं। जिस भी विक्रेता से निगम के द्वारा यह सामग्री खरीदी जाएगी उसे 6 महीने के अंदर यह स्पलाई करना पडेगा।

इस तरह के डिवाइडर बहुत मजबूत होते हैं और उसे एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने तथा कहीं पर रखने के लिए उपयोग करना पड़ता है। इस तरह के मजबूत डिवाइडर खरीदे जा रहे हैं ताकि जहां भी आपको बेहतर बनाने के लिए व्यवस्था करने की आवश्यकता हो तो वहां पर इस डिवाइडर को रखकर एक अच्छी व्यवस्था को आकार दिया जा सके।

# मालवा उत्सव और मैंगो जत्रा में आज रहेगी भीड़

## कल भी मिला दोनों आयोजन को अच्छा प्रतिसाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में मालवा उत्सव एवं मैंगो जत्रा के आयोजन चल रहे है। दोनों ही आयोजन में कल भीड़ थी। रात 12 बजे तक लोगों ने खरीदी की। आज रविवार होने को वजह से दोनों आयोजन में भीड़ रहेगी। तीन दिवसीय मैंगो जत्रा का आज अंतिम दिन है। वही मालवा उत्सव भले ही मंगलवार तक चलेगा लेकिन आज रविवार होने के कारण भीड़ रहेगी। दोनों ही आयोजन को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। कल दोनों आयोजन में प्रदेश के मुखिया भी पहुंचे थे।



### ट्रेंड....बॉम्बे भेल बन गई बंगाल की झालमुडी

पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दुकान पर जाकर बंगाल की प्रसिद्ध झल्लमुड़ी खाई थी, इसके बाद से देश भर में झालमुडी को लेकर चर्चा है। बंगाल में भाजपा सरकार के जीतने के बाद मिठाई की जगह झालमुडी वितरित की गई। शहर में चल रहे मालवा उत्सव के फूड जोन में बॉम्बे भेल की स्टॉल लगी है। ट्रेंड को देखते हुए बॉम्बे भेल के बोर्ड के ऊपर ही दुकानदार ने बंगाल की झालमुडी भेल का बैनर लगा दिया। हालांकि यहां झालमुडी का वास्तविक स्वाद नहीं है।

# कचरा फेंकने वालों को पकड़ा और 35 हजार का लगाया स्पाट फाइन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान सुपर कॉरिडोर सर्विस रोड पर बड़ी मात्रा में खुले में कचरा फेंका हुआ पाया गया। स्वच्छता टीम द्वारा मौके पर जांच किए जाने पर कचरे में मिले दस्तावेज एवं अन्य एविडेंस के आधार पर यह कचरा मयूर मिरर नामक कंपनी का पाया गया। उक्त कृत्य को स्वच्छता नियमों का उल्लंघन मानते हुए सीएसआई सत्येंद्र सिंह तोमर, आशीष कापसे एवं शिवा सिकरवार की टीम द्वारा मयूर मिरर कंपनी पर 35,000/- का स्पॉट फाइन लगाया गया।



# युवाओं ने सीखा आपदा से बचाव का रास्ता

## 100 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



होलकर विज्ञान महाविद्यालय स्थित यशवंत सभागार में 'भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम' के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें युवाओं ने भूकम्प सहित अन्य आपदाओं से बचाव कैसे किया जा सकता है उसके गुर भी सीखे। कार्यशाला में प्रतिभागियों को भूकंप, रेल दुर्घटना, सर्पदंश एवं अग्निकांड जैसी आपदाओं से बचाव और राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्लाटून कमांडर रोहन रायकवार, सुमित खरे एवं निलेश डामोर ने व्याख्यान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए लू एवं हीट स्ट्रोक से बचाव के उपायों पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन उपकरणों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर उनकी व्यावहारिक समझ को और अधिक मजबूत बनाया गया। राजेश जैन, चरणजीतसिंह हुड्डा ने अपनी भूमिका निभाई।

# सुलह से 107 मामलों का हुआ निराकरण

*47 लाख 53 हजार रुपये के अवार्ड पारित, 587 हितग्राही हुए लाभान्वित*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत के समक्ष सिविल (एम.ए.सी.टी.आदि), रिट, क्रिमिनल एवं अन्य प्रकृति के कुल 318 प्रकरणों को सुनवाई हेतु रखा गया था जिसमें से कुल 107 प्रकरण निराकृत किये जाकर लगभग राशि 47 लाख 53 हजार रुपये के अवार्ड पारित हुए, उक्त प्रकरणों के निराकरण से 587 पक्षकार लाभान्वित हुए। इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ शनिवार को उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर के सभागार में प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री विजयकुमार शुक्ला, न्यायाधिपति श्री जयकुमार पिल्लई एवं न्यायाधिपति श्री आलोक अवस्थी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।



# राठी और धूत को माहेश्वरी प्रगति मंडल की जिम्मेदारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल के चुनाव में अध्यक्ष रामकिशोर राठी, उपाध्यक्ष पद पर बजरंगलाल मालानी एवं कपिल लाहोटी, सचिव मनोज धूत, कोषाध्यक्ष सुनील बंग, संगठन मंत्री श्रीकांत गिलड़ा, सहमंत्री रामअवतार पलोड़, प्रचार मंत्री प्रकाश लखोटिया को निर्विरोध चयनीत किया गया। कार्यकारिणी में दिनेश परवाल, अशोक सोनी, ओम चांडक, राजीव बिनानी, विष्णु मुछाल, रामनिवास राठी, राहुल धूत, आशीष मालानी, विशाल सोनी, भरत डागा, सुमित मिनानी, प्रवीण बिहानी एवं श्रीकांत तोषनीवाल शामिल किए गए हैं। मारवाड़ी प्रगति मंडल से जुड़े माहेश्वरी समाजजनों ने बधाई दी है। गिरधरलाल सारडा, रामविलास राठी, सूरजमल लाहोटी, राधेश्याम मालानी, कृष्णवलभ मुछाल, बजरंगलाल गग्गड़, नंदकिशोर बंग, श्यामसुंदर बिहानी, गौरीशंकर लखोटिया, उमाशंकर बिहानी, ओमप्रकाश धूत, नटवर तोषनीवाल, अमरचंद सोनी, गिरिराज बंग, रामवल्लभ भूतड़ा, गौरीशंकर लोहिया ने बधाई दी है। सभी निर्वाचित पदाधिकारी और सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

# राजा की मां को न्याय के लिए आज शाम कैंडल मार्च

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आज मदर्स-डे पर संस्था पौरुष द्वारा शाम 5 बजे से 7 बजे तक नेहरू पार्क में विरोध प्रदर्शन करेंगे वहां से नेहरू पार्क तक कैंडल मार्च निकाला जाएगा, अशोक दशोरा ने बताया कि राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी सोनम रघुवंशी को 10 माह में शिलांग कोर्ट से जमानत मिल गई। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक दशोरा ने कहा कि यह शिलांग पुलिस की नाकामी और आरोपियों को बचाने के लिए कमजोर धाराएं लगाई गई। इससे सोनम को जमानत मिल गई। राजा की माँ को न्याय मिले इसलिए आज मदर्स-डे पर यह आयोजन किया जा रहा है। ऐसे ही अन्य प्रकरण नितिन पडियार, जितेन्द्र भारती और देवास के प्रवीण पटेल की माताओं के साथ भी अन्याय हो रहा है।

इन सभी माताओं को न्याय दिलाने हेतु संस्था पौरुष मदर्स डे पर आज शाम कैंडल मार्च का आयोजन कर रही है।



## गीत-संगीत का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। तिरुपति म्यूजिक ग्रुप ने गीत-संगीत का आयोजन किया। लीना श्रीवास ने बताया कि जितेंद्र पाल, राजेश दुबे, पूजा शर्मा, मनोज अग्रवाल ने गीतों की प्रस्तुति दी। अतिथि दिलीप राजपाल, डॉ. राजकुमार अग्रवाल, जितेन्द्र गुप्ता बाबा का स्वागत भी किया गया।

## गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज करेगा आज सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्रीगौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज, वीर सावरकर नगर ने आज सम्मान का आयोजन शाम 4 बजे से लता मंगेशकर आडिटोरियम में रखा है। कार्यक्रम में समाज में सेवा देने वालों के अलावा वरिष्ठजनों का भी सम्मान होगा और बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे नम्बर लाने वाले मेधावी छात्रों का भी साथ में सम्मान किया जाएगा। इस सम्मान समारोह के बाद सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया है। उक्त जानकारी अध्यक्ष राधेश्याम मालवीय ने दी।

## आज शाम संगीत गोल्डन हिट्स आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

स्वर आलाप और स्टार फेन क्लब द्वारा संगीत कार्यक्रम,, गोल्डन हिट्स 30 का आयोजन आज शाम 6.30 बजे से जाल सभा गृह में किया जाएगा। हेमंत अग्रवाल ने बताया कि गायक संजय रियाना, संजय लावरे, आशा निसरगंध, सुरेन्द्र यादव, जितेन्द्रसिंह पाल द्वारा सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। दिव्या अग्रवाल, हेमेन्द्र महावर अपनी भूमिका निभाएंगे।



## पुलिस अधिकारी रावत ने किया पदभार ग्रहण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पुलिस उपायुक्त झोन-1 के अधिकारी नरेन्द्रसिंह रावत आईपीएस ने पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यालय में मौजूद पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया, कानून व्यवस्था की जानकारी भी ली गई।

## विज्ञान भारती का आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी दिवस पर आज विज्ञान भारती मालव प्रांत द्वारा कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. प्रकाश शास्त्री, डॉ. शंकर विनायक नाखे मुख्य वक्ता होंगे।

# नर्मदा चिंतन में आज पहुंचेंगे दादा गुरु

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना गणेश मन्दिर स्थित सत्संग सभागृह पर अ.भा. दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में चल रहे नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ में शनिवार को माँ नर्मदा की परिक्रमा की महिमा का प्रभावी वर्णन रविकांत शास्त्री द्वारा किया गया। आज इस धार्मिक यात्रा का समापन होगा। तपोनिष्ठ संत दादागुरु भगवान आज शाम आयोजन में शामिल होंगे। कल व्यासपीठ का पूजन महापौर पुष्यमित्र भार्गव, राजेन्द्र बंसल, नित्यम बंसल, पवन तिवारी, प्रतीक्षा नय्यर, राजेश शर्मा, देवांग शर्मा, नवीन मेहता, गोपाल अग्रवाल, अमित जिंदल, उमेश अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, राजेश्वरी शर्मा, इधिका बंसल, ज्योति बंसल ने किया। आज दादागुरु भगवान की मौजूदगी में सभी को धोती-कुर्ता पहनकर आने के लिए आग्रह किया गया है। आज शाम को कलश यात्रा में जो मातृशक्तियां शामिल हुई थी उन्हें पौधे भेंट किए जाएंगे और पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा। सभी जानते हैं कि दादा गुरु 2 हजार से अधिक दिनों से केवल नर्मदा के जल पर आश्रित है। कल दादा गुरु के आशीर्वचन भी होंगे और महाप्रसादी का आयोजन भी होगा।



# निगम ने अब दोबारा शुरू किया वर्ल्ड कप चौराहे को संवारने का काम



इंदौर। पिपलियाना पर वर्ल्ड कप चौराहे को सजाने - संवारने का अटका काम अब निगम ने दोबारा तेजी के साथ शुरू कर दिया है। जिसके तहत इंदौर नगर निगम ने लंबे समय से ट्रैफिक में बाधक बन रही बाउंड्रीवॉल और लंबी - चौड़ी रोटरी को तोड़कर नई बनाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। यही नहीं इसके अलावा भीतर के हिस्से में भी साज- सजावट और सौंदर्यकरण के लिए भी कई काम किए जाएंगे। प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है कि वर्ल्ड कप के आसपास बड़े हिस्से में ग्रीनरी के लिए सजावटी पेड़ - पौधे लगाए जाएंगे। वहीं लंबे समय से ट्रैफिक में बाधक रोटरी तोड़कर उसे छोटा किया जा रहा है। साथ ही वर्ल्ड कप के आसपास रोशनी के लिए सजावटी लाईटिंग भी लगाने की तैयारी है जिससे रात में भी वर्ल्ड कप चमकेगा।

बड़ी बात यह है कि वर्ल्ड कप चौराहे के सौंदरीकरण के साथ लंबे समय से यातायात में बाधक बन रही लंबी - चौड़ी रोटरी भी हटाई गई है। इससे सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि अब लेफ्ट टर्न निर्माण और चौड़ीकरण के लिए भी रास्ता खुल गया है। वहीं अब लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण कार्य को भी इससे रफ्तार मिलेगी। गौरतलब है कि यातायात विभाग के अफसर लंबे समय से पत्र लिखकर निगम से लेफ्ट टर्न के निर्माण और चौड़ीकरण करने की मांग कर रहे थे। जिसे अब जाकर गति मिली है। यही नहीं इससे मूसाखेड़ी की ओर से कृषि महाविद्यालय की ओर जाने वाले वाहन चालकों को भविष्य में लेफ्ट टर्न बनने के बाद पिपलियाहाना चौराहे पर रुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वाहन चालक आसानी से बिना चौराहे पर रुके आगे की ओर जा सकेंगे। साथ ही चौराहे पर सजाने - संवारने के काम होने के बाद आकर्षक लाईटिंग की जगमगाहट से रात में वर्ल्ड कप दूर से ही चमकता नजर आएगा।



# महिलाओं के लिए लगेगा स्वास्थ्य शिविर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन, संस्था छवि सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं गुरुजी सेवा न्यास द्वारा आम महिलाओं के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर 20 और 21 मई को चमेलीदेवी अग्रवाल मेडिकल सेंटर (माधव सृष्टि) तथा छावनी स्थित चमेलीदेवी अग्रवाल रेडक्रॉस सेंटर पर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता पर आधारित परामर्श भी प्रदान करेंगे। शिविर के लिए अग्रसेन भवन पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वंशिका तपन अग्रवाल, डॉ. आर. के. गौड़, गोपाल गोयल,मीना अग्रवाल, रश्मि गोयल, नीना बदरुका, रंजना ताई, वर्षा मूलचंदानी, अनिता गोयल, प्रज्ञा अग्रवाल, मोना बंसल, अनिता, पूजा गोयल मौजूद थे।

# कनाडिया गायत्री शक्तिपीठ में नए ट्रस्ट का गठन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कनाडिया गायत्री मंदिर में लोकतांत्रिक तरीके से नए ट्रस्ट का गठन हुआ। पुराने ट्रस्टियों ने स्वेच्छा से पद त्याग कर नए सेवादारों को कमान सौंपी। कनाडिया सहित आसपास के 35 गाँवों के सैकड़ों ग्रामीण इस बदलाव के साक्षी बने। 84 वर्षीय पंडित शंकर लाल शर्मा को पुनः मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। इसके अलावा सहायक प्रबंधक सुरेश बोरिया, कोषाध्यक्ष जगदीश मंडलोई, वहीं न्यास सदस्य सज्जन सिंह जागीरदार, अश्विन गुप्ता, रणजीत सिंह चौधरी, गोविंद उपाध्याय, राधेश्याम मंडलोई, धर्म स्वरूप खरे, प्रतिभा निगम और सोना दिलीप चौहान निर्वाचित हुए।



# परशुराम यशोगाथा का आज शाम आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विमानतल रोड स्थित श्री श्री विद्याधाम में आज रात्रि 8 बजे परशुराम यशोगाथा का आयोजन होगा। भगवान परशुराम और राष्ट्र आराधना विषय पर व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। कई संत इस दौरान मौजूद रहेंगे।

# बीमा स्कीम की जानकारी के लिए वेबिनार



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के नियमित, संविदा कार्मिकों एवं पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनधारियों हेतु कंपनी में संचालित अंशदायी कैशलेस हेल्थ बीमा स्कीम की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार में बीमा पॉलिसी से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, लाभों, नियमों, दावा प्रक्रिया तथा योजना के उपयोग से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वेबिनार में योगेश कुमार दीक्षित, विनय रिचारिया, शशिकांत ओझा सहित अन्य शामिल हुए।

# एनसीसी कैडेट्स ले रहे हैं शिविर में प्रशिक्षण



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एनसीसी कैडेट्स 10 दिनी एनसीसी के वार्षिक शिविर में प्रशिक्षण ले रहे है। दर्शन शर्मा ने बताया कि एनसीसी ग्रुप इंदौर 9 एमपी बटालियन द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हो रहा है। इसमें संस्था के 50 कैडेट्स प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। 5 मई से शुरु हुए प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन सहित साइबर अपराधों के प्रति सजगता के बारे में गहनता से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में इंदौर सहित सेंधवा, धार, बड़वानी, खरगौन और महू क्षेत्र के 583 कैडेट्स सहभागिता कर रहे है।



# सीमा सुरक्षा बल के निशानेबाज ने जीता रजत पदक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। केंद्रीय आयुध एवं युद्ध कौशल विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल की केंद्रीय शूटिंग टीम के आरक्षक चन्द्र राज ने आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया।

# शिविर में बच्चों ने जाना पानी का महत्व

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गुमाश्ता नगर स्थित नाकोडा पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चल रहे शिविर में हर्षप्रिया श्रीजी ने बच्चों को पानी का महत्व समझाया। उन्होने कहा कि आज से हजारों वर्ष पूर्व भगवान महावीर ने कहा था कि पानी की एक बूंद में 36 हजार 450 जीव होते हैं, यदि हम एक बूंद का दुरुपयोग करते हैं तो अनंत जीवों की हिंसा का दोष लगता है, गर्मी के इन दिनों में हमें बहुत सोच समझकर पानी का उपयोग करना चाहिये।





# गौमाता को अर्पण किए छप्पन भोग

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। केसरबाग रोड स्थित अहिल्या माता गौशाला में गौमाता को छप्पन भोग अर्पण किए गए। जयसिंह जैन ने गौशाला में गायों के लिए नवीन शेड निर्माण की पहल की। इस अवसर पर टीना जैन, प्रकाश भटेवरा, जिनेश्वर जैन, नरेन्द्र भंडारी, अभय बाफना, पंकज बाफना, रितेश कटकानी, विनोद मेहता, बिंदिया मेहता, आशीष धारीवाल, उपेन्द्र जैन, अजित जैन मौजूद थे।

# अग्निहोत्री काउंसिल के प्रदेश सचिव



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पत्रकार विश्वामित्र अग्निहोत्री को एंटी करप्शन एंड सोशल डेवलपमेंट काउंसिल में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। अग्निहोत्री लम्बे समय से समाजहित में कई मुद्दे प्रमुखता से उठाते रहे है। उनकी इस उपलब्धि पर कई लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# शिवाजी महाराज की जीवंत करेंगे अनसुनी कहानियाँ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शिवशाही महानाट्य एक ऐतिहासिक मेगा नाटक छत्रपति शिवाजी महाराज के अदम्य साहस, दूरदर्शिता और बलिदान की अनसुनी कहानियों को जीवंत करेगा। संस्था शिवराय के बैनरतले 27 से 31 मई तक दशहरा मैदान में रोजाना शाम 7 बजे यह आयोजन होगा। इसमें 250 शिवप्रेमी कलाकारों की भागीदारी है, जिनमें टीवी और फिल्म जगत के कलाकार भी शामिल हैं। भूपेंद्र अड़सुल, रोशन राजेंद्र महाडिक, रुचिर भोंसले इस आयोजन से जुडे है।





# महाराणा प्रताप प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर करौली गांव सांवरिया सेठ राजस्थान में मां करणी सेना द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उक्त जानकारी गोविन्दसिंह पंवार, बाला ठाकुर ने दी।

# संस्कृत विद्यालय में प्रवेश प्रारम्भ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हंसदास मठ में आवासीय संस्कृत विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ हो गए है। इसे महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त है। फार्म 20 मई तक योग्यता के आधार पर भरे जाएंगे। उक्त जानकारी पवनदास महाराज ने दी।

**जनसंपर्क संचालनालय की विशेष फीचर श्रृंखला**

# मध्यप्रदेश में आम उत्पादन की बढ़ती संभावनाएं और 'मैंगो फेस्टिवल 2026

**भारत** कृषि प्रधान देश होने के साथ उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में भी विश्व स्तर पर अपनी मजबूत पहचान रखता है। फलों, फूलों और सब्जियों के उत्पादन के माध्यम से देश की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश ने उद्यानिकी क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में अपना स्थान बनाया है। विशेष रूप से फल उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश देश में चौथे स्थान पर है। भारतवर्ष में कुल लगभग 1176 लाख मीट्रिक टन फलों का उत्पादन होता है, जिसमें से लगभग 102 लाख मीट्रिक टन उत्पादन मध्यप्रदेश में किया जा रहा है। यह उपलब्धि प्रदेश के किसानों की मेहनत, अनुकूल जलवायु और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रतिफल है।

फल उत्पादन की दृष्टि से यदि किसी एक फल की लोकप्रियता और आर्थिक महत्व की चर्चा की जाए तो आम का नाम सबसे पहले आता है। आम को 'फलों का राजा' कहा जाता है, मध्यप्रदेश में इसका उत्पादन निरंतर बढ़ रहा है। पिछले चार वर्षों के आंकड़ों का अध्ययन करें तो प्रदेश में आम उत्पादन में लगभग 72 हजार मैट्रिक टन की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश के किसान अब पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों, विशेषकर आम उत्पादन की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं।

मध्यप्रदेश की जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियाँ आम उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल सिद्ध हो रही हैं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में अलग-अलग किस्मों के आम का उत्पादन किसानों को बेहतर आय उपलब्ध करा रहा है। यही कारण है कि राज्य सरकार द्वारा आम उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी दिशा में 13 जून 2026 को प्रदेश की राजधानी भोपाल में 'मैंगो फेस्टिवल 2026' अर्थात 'आम महोत्सव' आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी या उत्सव नहीं होगा, बल्कि प्रदेश के आम उत्पादक किसानों, उद्यानिकी विशेषज्ञों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं के बीच संवाद और विपणन का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। महोत्सव के माध्यम से प्रदेश की विभिन्न किस्मों के आमों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही किसानों को आधुनिक तकनीक, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस वर्ष प्रदेश के प्रमुख जिलों अलीराजपुर, रीवा, शहडोल, सीधी, सतना, नर्मदापुरम, अनूपपुर और नरसिंहपुर में लगभग 3200 हेक्टेयर क्षेत्र में आम उत्पादन विस्तार की कार्ययोजना तैयार की गई है। यह योजना किसानों को उद्यानिकी आधारित खेती की ओर प्रेरित करेगी और प्रदेश में आम उत्पादन का दायरा और अधिक विस्तृत होगा।

प्रदेश के लिए गौरव का विषय यह भी है कि सुंदरजा आम को अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त हुई है। रीवा जिले के प्रसिद्ध सुंदरजा आम को जीआई (जियोग्रैफिकल इंडीकेशन) टैग मिलने से न केवल इसकी विशिष्टता को वैश्विक पहचान मिली है, बल्कि इससे स्थानीय किसानों को आर्थिक लाभ और बाजार में बेहतर मूल्य प्राप्त होने की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं। सुंदरजा आम अपनी मिठास, सुगंध और विशिष्ट स्वाद के कारण देश-विदेश में लोकप्रिय हो रहा है।

भारत सरकार की प्राथमिकता छोटे और सीमांत किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़ाकर नकदी फसलों, फल, फूल एवं सब्जी उत्पादन की ओर प्रोत्साहित करना है। उद्यानिकी फसलें किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं क्योंकि इनकी बाजार में मांग निरंतर बनी रहती है और उत्पादन से अपेक्षाकृत अधिक लाभ प्राप्त होता है। आम जैसी फसलें किसानों को दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता प्रदान कर सकती हैं।

राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय भी इसी सोच को आगे बढ़ाने वाला कदम है। कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। किसानों को गुणवत्तायुक्त पौधे, तकनीकी प्रशिक्षण, सिंचाई सुविधाएँ और विपणन सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इससे प्रदेश में उद्यानिकी फसलों के प्रति किसानों का विश्वास और उत्साह बढ़ा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक खेती और मूल्य संवर्धन के माध्यम से आम उत्पादन को और अधिक बढ़ावा दिया जाए। यदि किसानों को प्रसंस्करण इकाइयों, निर्यात सुविधाओं और बेहतर बाजार व्यवस्था से जोड़ा जाए तो मध्यप्रदेश देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आम उत्पादन का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। 'मैंगो फेस्टिवल' 2026' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। यह आयोजन न केवल प्रदेश की उद्यानिकी क्षमता को प्रदर्शित करेगा, बल्कि किसानों की आय वृद्धि, कृषि विविधीकरण और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के निर्माण में भी मील का पत्थर साबित होगा। मध्यप्रदेश में आम उत्पादन के प्रति बढ़ता रुझान यह दर्शाता है कि आने वाले समय में प्रदेश उद्यानिकी क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेगा और 'फलों के राजा' आम के माध्यम से किसानों की समृद्धि का नया अध्याय लिखा जाएगा।



**-अनिल वशिष्ठ**
**( लेखक जनसंपर्क विभाग में सहायक जनसंपर्क अधिकारी है। )**



# एक करोड़ चालीस लाख से ज्यादा की लागत से बिछेगा बिजलपुर ग्रामीण वार्ड में सड़कों का जाल

## *क्षेत्र के प्रमुख मोहल्ला और गालियों में बारिश से पहले मिलने वाली है लोगों को नई सड़क की सौगात*

**इंदौर।** राऊ विधानसभा के अंतर्गत जोन 13 में वार्ड क्रमांक 78 के बिजलपुर ग्रामीण क्षेत्र में लंबे समय के बाद निगम द्वारा लगभग एक करोड़ चालीस लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर सालों बाद नई सीमेंटेड सड़कें बनाई जाएगी। जिसको लेकर निगम द्वारा निविदा प्रक्रिया शुरू कर अपनी और से तैयारियां भी शुरू कर दी है, जिसके तहत बिजलपुर ग्रामीण क्षेत्र के बड़े हिस्से में करीब आधा दर्जन से ज्यादा एरिया जिनमें मुख्य रूप से पीपल चौक , शाहतूत चौक, पटवारी मोहल्ला, संत रविदास मोहल्ला , प्रजापत मोहल्ला, इंदौरी मोहल्ला , नीम चौक सहित आधा दर्जन से ज्यादा जगह पर आने वाले दिनों में बेहद जल्द बारिश का सीजन शुरू होने से पहले लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़कों की जगह नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर क्षेत्रीय वार्ड 78 के पार्षद व जोन अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य के अथक प्रयासों से निगम ने यहां नई सड़क निर्माण के लिए खुदाई कर काम शुरू करने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

**लंबे समय से अटकी फाइल मंजुरी के बाद अब काम शुरू होने की उम्मीद–** पार्षद ओपी आर्य ने बताया निगम द्वारा करीब एक करोड़ 40 लाख 95 हजार से ज्यादा की लागत से क्षेत्र की 10 से ज्यादा गलियों और मोहल्ले में सालों बाद बरसों पुरानी क्षतिग्रस्त सड़कों की जगह नई सीमेंट सड़क निर्माण की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए पिछले दिनों लंबे समय से अटकी फाइल मंजूरी के बाद अब निगम द्वारा यहां के लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि इसी माह से निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद निगम बारिश से पहले यहां सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू कर देगा ।जिससे क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को नई सीमेंट सड़क की सौगात देने की तैयारी कर रहा है। जिसको लेकर राऊ विधानसभा के इस प्रमुख वार्ड 78 में लंबे समय के बाद एक साथ ग्रामीण क्षेत्र के बड़े हिस्से में नई सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य शुरू होगा।

# निमाड में कांग्रेस को मजबूत करने पहुंचे चौधरी और नायडू

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी तथा राष्ट्रीय सचिव उषा नायडू खरगोन जिले के बोरावां गांव पहुंचे। दोनों ने कल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव एवं विधायक सचिन यादव के निवास पर रात्रि विश्राम किया।

वे तीन दिनों के प्रवास पर निमाड आए है। जिसके पीछे कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की मंशा बताई जा रही है। कल शनिवार को सुबह पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव की धर्मपत्नी दमयंती यादव, अरुण यादव और सचिन यादव ने चौधरी और नायडू का स्वागत किया। समूचे



निमाड़ अंचल के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ब्लॉक अध्यक्षों और मंडलम-सेक्टर प्रभारियों से भेंटकर चर्चा की। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, विधायक सचिन यादव, विधायक केदार सिंह डाबर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक, पूर्व विधायक परसराम डंडीर, पूर्व विधायक पाचीलाल मेड़ा, कसरावद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष परसराम यादव सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यगर्ता उपस्थित थे।



# लोक अदालत में 57 प्रकरणों का निराकरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में नेशनल लोक अदालत में कुल 57 प्रकरणों का निराकरण कर दो करोड़ 20 लाख 60 हजार से अधिक रुपये के अवार्ड पारित किए गए। विकास राय ने बताया कि इंदौर क्रमांक-1 में 29 प्रकरण, इंदौर क्रमांक-2 में 26 प्रकरण एवं जिला आयोग मण्डलेश्वर में 02 प्रकरण इस प्रकार कुल 57 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामे के आधार पर किया गया।

## संपादकीय

# दिल्ली में अपराधियों का बढ़ता दुस्साहस, क्या कमजोर पड़ रही कानून-व्यवस्था

एनसीआरबी की मानें तो एक पहलू यह है कि जिन राज्यों में ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराने की सुविधा है, वहां लोग जघन्य से लेकर छोटे-बड़े सभी अपराधों की शिकायतें आसानी से दर्ज करा सकते हैं। देश की राजधानी होने के नाते यह उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था अन्य जगहों के मुकाबले ज्यादा चाक-चौबंद होगी और यहां अपराध को ज्यादा सक्षम तरीके से काबू में किया जाएगा। मगर समय-समय पर आने वाले अपराध के आंकड़ों में यही विडंबना सामने आती है कि दिल्ली में अपराधियों का दुस्साहस उफान पर है और उन पर पूरी तरह लगाम लगा पाना पुलिस-प्रशासन के लिए संभव नहीं हो सका है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि दर्ज हुए आपराधिक मामलों के संदर्भ में देश के अन्य महानगरों की तुलना में दिल्ली की दशा ज्यादा खराब है। सवाल है कि हर स्तर पर कानून-व्यवस्था के पुख्ता होने के दावों के बावजूद स्थिति ऐसी क्यों है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी की 'भारत में अपराध 2024' रिपोर्ट में यह उजागर हुआ है कि देश के उन्नीस महानगरों की तुलना में दिल्ली में सबसे ज्यादा संज्ञेय अपराधों के मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि पिछले दो वर्ष में अपराधों में गिरावट देखी गई है, इसके बावजूद एनसीआरबी के आंकड़े यही बताते हैं कि अपराध और अपराधियों पर काबू पाने में यहां की पुलिस को अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पा रही है। आंकड़ों के मुताबिक, देश के उन्नीस महानगरों में कुल पांच लाख तिरानबे हजार छियानबे मामले दर्ज हुए, जिनमें अकेले दिल्ली की भागीदारी छियालीस फीसद से ज्यादा रही। कहा जा सकता है कि देश के कुल महानगरों में जितने अपराध होते हैं, उनमें से हर दूसरा दिल्ली में दर्ज हुआ। हालांकि एनसीआरबी की मानें तो एक पहलू यह है कि जिन राज्यों में ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराने की सुविधा है, वहां लोग जघन्य से लेकर छोटे-बड़े सभी अपराधों की शिकायतें आसानी से दर्ज करा सकते हैं। जिन राज्यों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां अपराध के आंकड़े तुलनात्मक रूप से कम दर्ज हो सकते हैं। यानी यह स्वीकार किया जा रहा है कि देश के कई हिस्सों में आज भी सुविधा न होने या फिर प्रक्रिया की जटिलता की वजह से बहुत सारे लोग पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज नहीं कर पाते। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपराध के कितने पीड़ित इंसाफ का इंतजार करते रह जाते होंगे। इस लिहाज से देखें तो निश्चित तौर पर दिल्ली में एक तंत्र के काम करने के ढांचे में बेहतरी लाई गई है। मगर सवाल है कि अपराधों की रोकथाम के लिए सरकार और संबंधित महकमे क्या करते हैं। इसके अलावा, वक्त के साथ एक नई जटिलता यह पैदा हुई है कि रोजमर्रा की गतिविधियों के संदर्भ में जैसे-जैसे लोगों की निर्भरता डिजिटल माध्यमों पर बढ़ रही है, अब अपराधियों की नजर उधर भी खिसक रही है। मसलन, खुद एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि साइबर अपराधियों के गिरोह अब डिजिटल संसार में अपनी दखल बढ़ा रहे हैं। साइबर अपराधों में करीब अठारह फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें ऑनलाइन ठगी, 'डिजिटल अरेस्ट' और भयादोहन जैसे मामले सबसे ज्यादा देखे जा रहे हैं। यह हाल के वर्षों में उपजी नई चुनौती है, जिससे निपटना बेहद जरूरी है। महानगरों में सुविधाओं से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक सब कुछ अन्य शहरों के मुकाबले ज्यादा बेहतर और दुरुस्त होने की उम्मीद की जाती है। उसमें भी अगर अपराध के मामले में दिल्ली कई महानगरों को पीछे छोड़ रही है, तो यह सोचने का वक्त है कि आखिर यहां सरकार, पुलिस और खुफिया तंत्र तथा अन्य एजेंसियों के बीच किस स्तर पर तालमेल और सक्रियता में कमी है, जिसमें तत्काल सुधार की जरूरत है।

### नए शिक्षा की शुरुआत के साथ

# मालवा मिल क्षेत्र में मिलेगी आधुनिक पुस्तकालय की सौगात

**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत आने वाले मालवा मिल क्षेत्र में अगले कुछ माह में शुरू होने वाले नवीन शिक्षा सत्र में क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक सुविधाओं वाले नए ई पुस्तकालय (लाइब्रेरी) की बेहद जल्द सौगात देने की तैयारी है। जहां एक ही छत के नीचे क्षेत्र के जरूरतमंद मध्यमवर्गीय छात्र-छात्राओं के लिए सभी तरह की पुस्तकों को पढ़ने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

जिसका वर्तमान में निगम द्वारा लगभग सवा करोड़ से ज्यादा की लागत से क्षेत्र की पंचम की फेल, गोमा की फेल, अमर टेकरी, लाल बंगला क्षेत्र, लाला का बगीचा, दुबे का बगीचा सहित मिल क्षेत्र की अन्य बस्तियों के जरूरतमंद मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्र-छात्राओं के लिए अपने घर के नजदीक आधुनिक शिक्षा के लिए विभिन्न विषयों की किताबों के साथ धार्मिक-सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषय की किताबों को आराम से एक साथ पर एयरकंडीशनर ई-लाइब्रेरी में पढ़ने की सौगात आने वाले दिनों में बेहद जल्द मिलने वाली है।



### अभी तैयार इमारत में रंगाई-पुताई के साथ होंगे सजाने संवारने के काम

वहीं वर्तमान में नवीन लायब्रेरी के लिए मिल क्षेत्र में जी प्लस टू मंजिला इमारत लगभग पूरी तरह से बनकर तैयार हो चुकी है। इसके बाद अब यहां फिनिसिंग वर्क के तहत भीतरी साज-सजावट के काम भी अब शुरू हो चुके है। वहीं क्षेत्रिय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़ियां ने बताया कि बचे काम अगले दो से ढाई माह में जल्द पूरे हो जाएंगे। साथ ही आने वाले दिनों में नवीन शिक्षा सत्र के पहले पूरे कर जल्द यहां के लोगों को पहली बार नई ई-लाइब्रेरी की सौगात देने की निगम की तैयारी है। जिसका फायदा यह होगा कि इस क्षेत्र के जरूरतमंद छात्रों को पैसा खर्च करके घर से दूर जाकर निजी लाइब्रेरी में जाकर पढ़ाई नहीं करना पड़ेगी। जिसके लिए क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद पहाड़िया के प्रयासों से निगम द्वारा यहां बस्ती क्षेत्र में लाखों रुपए खर्च कर क्षेत्र के गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को भविष्य की पढ़ाई के लिए मिल क्षेत्र में एक छत के नीचे आधुनिक सुविधाओं वाली लाइब्रेरी की सौगात देने की तैयारी अब अंतिम दौर में है।

*सवा करोड़ से ज्यादा की लागत से हो रही नई जी प्लस 2 बिल्डिंग तैयार*

### 40 हजार से ज्यादा पुस्तकें नई लायब्रेरी में नजर आएगी एक साथ

वहीं पहाड़ियां ने बताया मिल क्षेत्र की एक मात्र आधुनिक लायब्रेरी में छात्रों को लगभग 40 हजार से ज्यादा पुस्तकों और किताबों को एक छत के नीचे पढ़ने के लिए मिलेगी। उसके अलावा जो किताबें यहां उपलब्ध नहीं होगी वह किताबें भी छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर और इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन मंगा कर भी यहां आराम से पढ़ सकेंगे।

# इंदौर पुलिस का कॉम्बिंग गश्त अभियान

**इन्दौर।** शहर में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए इंदौर पुलिस ने शनिवार रात सभी जोन में विशेष सर्चिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल ने 'हॉटस्पॉट' और 'शैडो एरिया' में ड्रोन के माध्यम से निगरानी करते हुए असामाजिक तत्वों की धरपकड़ की।

**749 बदमाशों की चेकिंग, 465 पर वैधानिक कार्रवाई,ड्रोन से हॉटस्पॉट इलाकों की निगरानी**

पुलिस ने कुल 749 बदमाशों को चेक किया, जिनमें से 465 के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्रवाई की गई। इसमें चाकूबाज, ड्रग पैडलर और जिलाबदर अपराधी शामिल हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 178 चालकों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए।विभिन्न मामलों में फरार चल रहे अपराधियों के 162 वारंट तामील कराए गए, जिनमें 30 स्थाई और 55 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं।160 हॉटस्पॉट और 136 शैडो एरिया में ड्रोन से सर्चिंग कर संदिग्धों की पहचान की गई। 65 आदतन बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

# दीवार के विवाद में भतीजे को पीटा

### काका और भाइयों ने मिलकर किया हमला, मोबाइल भी फोड़ा

**इंदौर।** गौतमपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पीतावली में पैतृक दीवार को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद मारपीट में बदल गया। एक ही परिवार के सदस्यों ने मिलकर अपने ही भतीजे के साथ मारपीट की, जिसमें युवक घायल हो गया। हमले के दौरान आरोपियों ने युवक का मोबाइल भी तोड़ दिया और घर के दरवाजे को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम पीतावली निवासी दशरथ पिता धन्नालाल अपने घर के सामने बैठे थे, तभी उनके काका राधेश्याम वहां पहुंचे और घर की एक दीवार को अपनी बताने लगे। जब दशरथ ने कहा कि यह दीवार दोनों की सांझी है, तो राधेश्याम भड़क गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी बीच राधेश्याम के दो बेटे कुलदीप और पंकज भी वहां पहुंच गए और विवाद में शामिल हो गए। पीड़ित दशरथ ने जब गालियां देने से मना किया, तो तीनों आरोपियों ने मिलकर उन पर थप्पड़ और मुक्कों से हमला कर दिया। इस धक्का-मुक्की और मारपीट में दशरथ के दाहिने हाथ के अंगूठे और पीठ पर चोटें आईं। आरोपियों ने दशरथ को इतनी जोर से धक्का दिया कि उनके घर के दरवाजे का कब्जा टूट गया और हाथ से गिरकर उनका मोबाइल फोन भी फूट गया। दशरथ के शोर मचाने पर उनके भाई लक्की और लोकेंद्र मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। जाते समय आरोपियों ने दशरथ को धमकी दी कि यदि भविष्य में दीवार खोदने या मालिकाना हक जताने से मना किया, तो वे उसे जान से खत्म कर देंगे। गौतमपुरा पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर राधेश्याम, कुलदीप और पंकज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# एमडी ड्रग्स केस में फरार मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

### बाहरी राज्यों से इंदौर में नशा सप्लाई करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने अवैध मादक पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। एमडी ड्रग्स तस्करी के एक पुराने मामले में कड़ियां जोड़ते हुए पुलिस ने फरार चल रहे मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी अन्य राज्यों से ड्रग्स मंगवाकर शहर के छोटे सप्लायरों को उपलब्ध कराता था।

क्राइम ब्रांच की टीम ने कुछ समय पूर्व आरोपी मोहम्मद अजीम को गिरफ्तार किया था। अजीम के कब्जे से पुलिस ने लगभग 12.87 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद की थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1,30,000/- रुपए आंकी गई थी। अजीम से जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने खुलासा किया कि उसे यह ड्रग्स शिफान खान उर्फ गब्बू निवासी सदर बाजार उपलब्ध करवाता था।घटना के बाद से ही आरोपी शिफान खान फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर शिफान को चिन्हित किया और उसे हिरासत में ले लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी केवल 10वीं कक्षा तक पढ़ा है और दिहाड़ी पर रिपेयरिंग का काम करता है, जिसकी आड़ में वह तस्करी के नेटवर्क को संचालित कर रहा था।आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में विधिवत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अब आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोतों और उसके पूरे नेटवर्क के बारे में विस्तृत पूछताछ कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि वह किन राज्यों से ड्रग्स लाता था और इंदौर में उसके संपर्क किन-किन सप्लायरों से थे।

# वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, गुजरात के खिलाफ खास 'शतक' लगाकर बना दिया 'वर्ल्ड रिकॉर्ड'

**नईदिल्ली.एजेंसी।** वैभव सूर्यवंशी ने शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी पहली गेंद पर छक्का लगाकर इतिहास रचा। मोहम्मद सिराज द्वारा डाले गए पहले ओवर की दूसरी गेंद पर छक्का लगाकर वैभव ने टी20 में अपने 100 छक्के पूरे किए। उन्हें सिराज ने ही अपने शिकार बनाया। वैभव ने 16 गेंदों में 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 36 रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स इस मुकाबले को 77 रनों के बड़े अंतर से हार गई।

रियान पराग की गैरमौजूदगी में यशस्वी जायसवाल ने राजस्थान रॉयल्स की कमान संभाली। टॉस जीतकर यशस्वी ने पहले गेंदबाजी चुनी। ओपनर्स साई सुदर्शन (55) और शुभमन गिल (84) की शानदार पारियों की मदद से गुजरात टाइटंस ने 229 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन वह 36 रन बनाकर आउट हो गए।



यशस्वी भी सिर्फ 3 रन बना पाए। राजस्थान 152 रनों पर सिमट गई और गुजरात ने 77 रनों से इस मैच को अपने नाम किया।

### वैभव सूर्यवंशी ने बनाया 'वर्ल्ड रिकॉर्ड'

वैभव सबसे छोटे क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने टी20 में 100 छक्के जड़ दिए हैं। वह सबसे तेज 100 टी20 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 514 गेंदों में इस आंकड़े को छुआ। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज करणबीर सिंह ने 813 और वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेर कीरोन पोलार्ड ने 843 गेंदों में 100 टी20 छक्के लगाए थे।

### सिराज बनाम वैभव बैटल

*गुजरात टाइटंस के लिए पहला ओवर मोहम्मद सिराज डालने आए, पहली गेंद पर यशस्वी ने एक रन लेकर स्ट्राइक वैभव को दी। बुमराह, बोल्ट की पहली गेंद पर छक्का लगाने वाले वैभव ने इस बार मोहम्मद सिराज को अपना निशाना बनाया। पहली गेंद पर छक्का खाने के बाद सिराज ने अगली गेंद यॉर्कर डाली, जिस पर बल्लेबाज खुद को चोटिल कर बैठे।*

## हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव RCB के खिलाफ प्लेइंग-11 का होंगे हिस्सा?

### MI ने दिया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली.एजेंसी.** रविवार (10 मई) को डबल हेडर दूसरा मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच रायपुर में खेला जाएगा। इस मैच से पहले मुंबई के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या और उनकी जगह पिछले मैच में टीम की कमान संभालने वाले सूर्यकुमार यादव की वापसी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। मुंबई ने पिछला मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेला था। मुकाबले में हार्दिक पांड्या प्लेइंग 11 का हिस्सा नहीं थे। हार्दिक की जगह सूर्या टीम की कप्तानी करते हुए नजर आए थे। सूर्यकुमार ने टॉस के वक्त अपडेट देते हुए बताया था कि हार्दिक ठीक नहीं होने की वजह से मुकाबला नहीं खेल रहे हैं।

### पिता बने सूर्यकुमार यादव

बता दें कि 7 मई को सूर्यकुमार यादव पिता बने थे। उनकी पत्नी देविशा शेट्टी ने बेटी को जन्म दिया था। आरसीबी के खिलाफ मुकाबले से पहले इसको लेकर चर्चा तेज थी कि सूर्या पिता बनने के चलते मुंबई के लिए अगला मुकाबला नहीं खेलेंगे। तो आइए जानते हैं कि सूर्या और हार्दिक की वापसी को लेकर फ्रेंचाइजी ने ताजा अपडेट क्या दिया है। गौर करने वाली बात यह है कि हार्दिक और सूर्या टीम के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर नहीं आए थे।





### हार्दिक और सूर्या की वापसी पर MI ने दिया अपडेट

मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुंबई इंडियंस के एक प्रवक्ता ने हार्दिक और सूर्या की वापसी को लेकर बात करते हुए कहा, 'हार्दिक की जांच का सिलसिला जारी है और वो हमें उनकी प्रगति के बारे में अपडेट देते रहेंगे। सूर्या कल आ रहे हैं।'

इससे कहीं न कहीं साफ हो जाता है कि सूर्या का कल आरसीबी के खिलाफ खेलना लगभग तय है। हालांकि हार्दिक का खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। अगर हार्दिक नहीं खेलते हैं, तो फिर सूर्यकुमार ही टीम की कमान संभालते हुए दिखाई देंगे। अब देखना दिलचस्प होगा कि बेंगलुरु के खिलाफ मुंबई की प्लेइंग 11 कैसी होती है।

## घर पर फिर ढेर हुई राजस्थान रॉयल्स, गुजरात से हारते ही नाम जुड़ा ये अनचाहा रिकॉर्ड

**नईदिल्ली.एजेंसी।** आईपीएल 2026 का 52वां मैच गुजरात टाइटंस ने 77 रन से अपने नाम किया। ये मैच राजस्थान रॉयल्स के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम (ँ प्दस ृ्रि) में गुजरात टाइटंस (उर्ल्ूू ऊर्ॅ्हि) के खिलाफ खेले गए मैच में राजस्थान को न केवल 77 रनों की करारी शिकस्त झेलनी पड़ी, बल्कि उनके नाम एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया, जिसे कोई भी टीम याद नहीं रखना चाहेगी।



### R vs GT: राजस्थान के नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड

दरअसल, गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 229/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स ने इस सीजन में 7वीं बार विपक्षी टीम को 200 से ज्यादा रन बनाने दिए। इसके साथ ही उन्होंने एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 200६ रन लुटाने के ऑल-टाइम आईपीएल रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

राजस्थान ने सनराइजर्स हैदराबाद (2024) और लखनऊ सुपर जायंट्स (2025) जैसी टीमों के अनचाहे रिकॉर्ड की बराबरी की। शुभमन गिल की 84 रनों (44 गेंद) की पारी और साई सुदर्शन के 55 रनों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने राजस्थान के खिलाफ इस सीजन का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। जोफ्रा आर्चर काफी महंगे साबित हुए, जिन्होंने 3 ओवर में 46 रन खर्च किए, जबकि रवींद्र जडेजा की किफायती गेंदबाजी के बावजूद राजस्थान, गुजरात के बल्लेबाजों को रोकने में नाकाम रही।

### ताश के पत्तों की तरह ढही राजस्थान की बैटिंग यूनिट

230 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। गुजरात के गेंदबाजों के सामने राजस्थान का कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सका। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने अपनी फिरकी का जादू बिखेरते हुए 33 रन खर्च करते हुए 4 विकेट लिए। जेसन होल्डर और कगिसो रबाडा ने भी घातक गेंदबाजी करते हुए राजस्थान की पारी को महज 152 रनों पर समेट दिया।

## 'ज्यादा दिमाग नहीं लगाया...', बतौर कप्तान पहला मैच हारने के बाद बोले Yashasvi Jaiswal; जोफ्रा आर्चर का किया बचाव

**नईदिल्ली.एजेंसी।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शनिवार को गुजरात टाइटंस (उऊ) ने राजस्थान रॉयल्स (ँ) को 77 रनों से करारी शिकस्त दी। राजस्थान के स्टैंड-इन-कप्तान यशस्वी जायसवाल ने इस बड़ी हार के बाद अपनी टीम का बचाव किया है। साई सुदर्शन और शुभमन गिल की ओपनिंग जोड़ी की मदद से गुजरात ने 4 विकेट के नुकसान पर 224 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। जवाब में राजस्थान की शुरुआत तो तूफानी रही, जहां वैभव सूर्यवंशी ने 16 गेंद में 36 रन बनाए, ध्रुव जुरेल ने 10 गेंद में 24 रन बनाए और पावरप्ले में टीम को 3 विकेट पर 78 रन तक पहुंच गया था, लेकिन राशिद खान ने 4 विकेट लेकर आरआर के बैटिंग यूनिट की कमर तोड़ दी और पूरी टीम 152 रन पर सिमट गई। दरअसल, आरआर के अगुवाई कर रहे यशस्वी जायसवाल ने पारी के पहले ओवर में 18 रन लुटाने वाले जोफ्रा आर्चर का बचाव किया।


कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
सेन्ट्रल स्टोर्स विभाग
निविदा विज्ञप्ति

निविदा क्रमांक: स्टोर्स/02(3)/2026-27
दिनांक: 06.05.2026

नगर पालिक निगम इन्दौर को लगने वाली निम्न सामग्री क्रय करने हेतु ऑनलाइन निविदा आयटम रेट पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| अ. क्र. | ऑनलाइन टेंडर क्रमांक | सामग्री का विवरण | 1) निविदा प्रपत्र की कीमत 2) अर्नेस्ट मनी की रकम | ऑनलाइन निविदा फॉर्म क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक एवं समय | ऑनलाइन तकनीकी निविदा ओपन करने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_505409_1 | नगर निगम को लगने वाली विभिन्न प्रकार की स्टेशनरी (ग्रुप क्रमांक 02 ) क्रय हेतु वार्षिक दर निर्धारण बावद ।(द्वितीय आमंत्रण) | 1) ₹2000/- 2) ₹5000/- | 20/5/2026 को शाम 6.00 बजे तक | 22/5/2026 को सुबह 11.30 बजे पश्चात |

नोट- 1. निविदा ई - प्रोक्योरमेंट पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखी एवं क्रय की जा सकती है।
2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सीधे आनलाईन प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा ।

उपायुक्त
सेन्ट्रल स्टोर्स विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।



इन्दौर नगर पालिक निगम
राजेन्द्र धारकर झोन-14
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती बेबी बाई जोशी पति मोहनलाल** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 678 बी सेक्टर डी प्रजापत नगर इन्दौर पिन नं.1001211452 सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
राजेन्द्र धारकर झोन-14
इन्दौर नगर निगम इन्दौर

# ना मौका, ना भरोसा! पूरा IPL सीजन पानी पिलाते रह गए शॉ

## इन 4 खिलाड़ियों को भी नहीं मिला है मौका




**नई दिल्ली.एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 19वें सीजन में जहां कई युवा खिलाड़ियों ने गेंद या बल्ले से चमक बिखेरी है, वहीं कुछ नाम ऐसे भी रहे जो सिर्फ डगआउट में ही बैठे नजर आए हैं। इन खिलाड़ियों को लेकर फैन्स को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन प्लेइंग-11 में अब तक इनको मौका नहीं मिला है।

इन 5 खिलाड़ियों में सबसे बड़ा नाम पृथ्वी शॉ का है। कभी भारतीय क्रिकेट का भविष्य माने जाने वाले पृथ्वी शॉ को इस सीजन एक भी मैच में मौका नहीं मिला है। पृथ्वी शॉ ने अपना आखिरी छ्झ्थ् मैच 2024 में खेला था और 2025 में उनको किसी भी आईपीएल टीम नें नहीं खरीदा था। पृथ्वी को IPL 2026 के लिए आयोजित मिनी ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स (ञ्ज) ने 75 लाख में दोबारा अपनी टीम में शामिल किया। शुरुआती राउंड्स में अनसोल्ड रहने के बाद DC ने उन्हें उनके बेस प्राइस पर खरीदा। यह उनकी पिछली IPL सैलरी ?7।5 करोड़ (2024) के मुकाबले काफी बड़ी गिरावट है।

वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा भी पूरे सीजन बेंच पर ही बैठे नजर आए। युवा तेज गेंदबाजों को प्राथमिकता मिलने की वजह से ईशांत शर्मा को अब तक एक भी मैच में मौका नहीं मिला है। IPL 2026 सीजन के लिए गुजरात टाइटन्स (GT) ने ईशांत शर्मा को 75 लाख में रिटेन किया था। छ्झ्थ् 2025 सीजन में ईशांत शर्मा ने 7 मैचों में सिर्फ 4 विकेट लिए, जबकि उनकी इकोनॉमी रेट 11।18 रही। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 1/18 रहा था।

दूसरी तरफ घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ी मुशीर खान को भी IPL 2026 में मौके का इंतजार ही करना पड़ रहा है। ऑलराउंडर मुशीर खान क्रिकेटर सरफराज खान के भाई हैं। मुशीर खान को IPL 2026 सीजन के लिए पंजाब किंग्स (PBKS) ने 30 लाख रुपये में रिटेन किया है। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन और दबाव में बेहतरीन पारियां खेलने के लिए मशहूर मुशीर अभी अपने छ्झ्थ् करियर की शुरुआती दौर में हैं। उन्होंने IPL 2025 में सिर्फ एक मुकाबला खेला, जिसमें वह बल्लेबाजी में खाता नहीं खोल सके, जबकि गेंदबाजी में 1 विकेट लेते हुए 27 रन खर्च किए।

अर्जुन तेंदुलकर इस सीजन सुर्खियों में तो रहे, लेकिन मैदान पर अब तक उनको मौका नहीं मिला है। सचिन तेंदुलकर के बेटे होने की वजह से हमेशा चर्चा में रहने वाले अर्जुन को लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) ने प्लेइंग-11 में अब तक शामिल नहीं किया है। अर्जुन को IPL 2026 सीजन के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) ने 30 लाख में अपनी टीम में शामिल किया। उन्हें मुंबई इंडियंस से ट्रेड कर LSG में लाया गया था। अर्जुन ने आखिरी IPL मुकाबला मुंबई इंडियंस (MI) के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के खिलाफ 17 मई 2024 को खेला था। इस मैच में उन्होंने गेंदबाज़ी करते हुए 22 रन दिए, लेकिन कोई विकेट हासिल नहीं कर सके। अर्जुन लगभग 2 साल से प्लेइंग XI में जगह बनाने के इंतजार में हैं।

इसके अलावा राहुल त्रिपाठी जैसे अनुभवी बल्लेबाज को भी टीम मैनेजमेंट से मौके का इंतज़ार है। आईपीएल 2026 के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने राहुल त्रिपाठी को 75 लाख में खरीदा था।उन्हें 2026 के लिए आयोजित मिनी ऑक्शन में उनके बेस प्राइस पर टीम में शामिल किया गया, जिसके साथ ही राहुल त्रिपाठी की कोलकाता फ्रेंचाइजी में वापसी हुई। राहुल त्रिपाठी के लिए IPL 2025 सीजन काफी निराशाजनक रहा था। चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) की तरफ से खेलते हुए, उन्होंने 5 पारियों में सिर्फ 55 रन बनाए, जहां उनका औसत 11.00 और स्ट्राइक रेट 96।49 का रहा। पिछले सीजन भी राहुल त्रिपाठी संघर्ष करते नजर आए।

### अब नजर डालते हैं इन 5 खिलाड़ियों के IPL रिकॉर्ड्स पर

पृथ्वी शॉ

IPL मैच: 79
कुल रन: 1892
औसत: 23।94
स्ट्राइक रेट: 147।46
अर्धशतक: 14
शतक: 0

### राहुल त्रिपाठी

IPL मैच: 100
कुल रन: 2291
औसत: 26।33
स्ट्राइक रेट: 137।84
अर्धशतक: 12
शतक: 0

### ईशांत शर्मा

IPL मैच: 117
विकेट: 96
इकोनॉमी रेट: 8।36
बेस्ट बॉलिंग: 5/12

### मुशीर खान

IPL मैच: 1
रन: 0
विकेट: 1
इकोनॉमी रेट: 13।50
बेस्ट बॉलिंग: 1/27

### अर्जुन तेंदुलकर

IPL मैच: 5
कुल रन: 13
विकेट: 3
इकोनॉमी रेट: 9।36
बेस्ट बॉलिंग: 1/9

# धोनी खेलेंगे या नहीं? CSK की सांसें अटकीं

**चेन्नई.एजेंसी।** पांच बार की चैंपियन ण्एख जहां प्लेऑफ की दौड़ में खुद को बनाए रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी, वहीं अंक तालिका में सबसे नीचे चल रही थ्एउ के लिए यह मुकाबला 'करो या मरो' जैसा है। मुकाबला दोपहर 3:30 बजे से है।

चेन्नई सुपर किंग्स इस समय छठे स्थान पर है और टीम का अभियान उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। बल्लेबाजी कई बार बिखरी, तो घरेलू और बाहर दोनों जगह टीम लय हासिल नहीं कर सकी। हालांकि पिछले कुछ मैचों में टीम ने वापसी के संकेत दिए हैं। ऐसे में अपने घरेलू मैदान चेपॉक पर लौटना ण्एख के लिए राहत की खबर माना जा रहा है।



ना मौका, ना भरोसा! पूरा छ्झ्थ् सीजन पानी पिलाते रह गए पृथ्वी शॉ

इस सीजन ण्एख की बल्लेबाजी काफी हद तक संजू सैमसन पर टिकी रही है। नए खिलाड़ी के तौर पर टीम से जुड़े सैमसन ने लगातार जिम्मेदारी निभाई और कई मौकों पर टीम की नैया पार लगाई। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मुकाबले में उन्होंने 52 गेंदों पर नाबाद 87 रन ठोककर टीम को जीत दिलाई थी।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ का प्रदर्शन शुरुआत में निराशाजनक रहा, लेकिन मई की शुरुआत में उन्होंने लगातार दो अर्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी की। उन्होंने नाबाद 74 और 67 रन की पारियां खेलीं, जिसने ण्एख को टॉप-5 की रेस में बनाए रखा। हालांकि दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में वह बड़ा स्कोर नहीं बना सके।

मिडिल ऑर्डर में डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा और जेमी ओवर्टन से टीम को तेज रन गति की उम्मीद होगी। खासकर डेथ ओवरों में ण्एख को बेहतर फिनिश की जरूरत है।

सबसे बड़ा सवाल एमएस धोनी को लेकर बना हुआ है। सीजन शुरू होने से पहले लगी पिंडली की चोट (काफ इंजरी) के कारण धोनी अब तक एक भी मैच नहीं खेल सके हैं। हालांकि वह नेट्स में अभ्यास करते नजर आए हैं, लेकिन टीम प्रबंधन ने अभी तक उनके खेलने को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। ऐसे में फैंस की नजरें अंतिम प्लेइंग इलेवन पर टिकी रहेंगी। चेपॉक की पिच इस सीजन पहले जैसी बेहद धीमी नहीं दिखी है। बल्लेबाजों को यहां मदद मिली है, लेकिन स्पिनरों के लिए अब भी पर्याप्त टर्न मौजूद है। यही वजह है कि नूर अहमद और अकील हुसैन की जोड़ी ण्एख के लिए मिडिल ओवरों में बेहद अहम साबित हो सकती है।

दूसरी ओर लखनऊ सुपर जायंट्स का सीजन अब तक बेहद खराब रहा है। टीम ने 10 मैचों में सिर्फ तीन जीत दर्ज की हैं और वह अंक तालिका में सबसे नीचे है। कप्तान ऋषभ पंत पर 27 करोड़ रुपये की भारी कीमत के अनुरूप प्रदर्शन करने का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

# ऑरेंज कैप की दौड़ में वैभव सूर्यवंशी से आगे निकले शुभमन गिल, भुवनेश्वर से भी छिनी पर्पल कैप

**नई दिल्ली.एजेंसी।** गुजरात टाइटंस बनाम राजस्थान रॉयल्स मैच के बाद ऑरेंज कैप की दौड़ में शामिल टॉप-5 में शुभमन गिल वैभव सूर्यवंशी से आगे निकल गए हैं। पर्पल कैप होल्डर भी बदल गया।

छ्झ्थ् 2026 के 52वें मैच में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 77 रनों से हराया। शुभमन गिल और साई सुदर्शन की शानदार पारी की बदौलत उऊ 229 रनों के बड़े स्कोर तक पहुंची थी। सुदर्शन ने 36 गेंदों में 55 और गिल ने 44 गेंदों में 84 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए 152 रनों पर ढेर हो गई। वैभव सूर्यवंशी ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई, लेकिन वह 16 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हो गए। जानिए अब ऑरेंज कैप और पर्पल कैप किसके पास है, इसकी दौड़ में शामिल टॉप-5 खिलाड़ी कौन हैं।




52 मैचों के बाद ऑरेंज कैप हेनरिक क्लासेन के पास है। सनराइजर्स हैदराबाद के इस बल्लेबाज ने 11 पारियों में 494 रन बनाए हैं। उनसे पीछे अभिषेक शर्मा हैं। सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों में शुभमन गिल वैभव सूर्यवंशी से आगे निकल आए हैं। गिल चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं।

शुभमन गिल ने 10 मैचों में 462 रन बनाए हैं। शनिवार को राजस्थान के खिलाफ उन्होंने 3 छक्के और 9 चौकों की मदद से 44 गेंदों में 84 रन बनाए। वह अपने शतक से चूक गए। वैभव 440 रनों के साथ पांचवें नंबर पर खिसक गए।

475- अभिषेक शर्मा (SRH)
468- केएल राहुल (DC)
462- शुभमन गिल (GT)
440- वैभव सूर्यवंशी (RR), साईं सुदर्शन (उऊ)

यह भी पढ़ें- वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, गुजरात के खिलाफ खास 'शतक' लगाकर बना दिया 'वर्ल्ड रिकॉर्ड'

### किसके पास है पर्पल कैप

पिछले काफी दिनों से भुवनेश्वर कुमार के पास पर्पल कैप थी, लेकिन शनिवार को हुए मैच के बाद कगिसो रबाडा के पास पर्पल कैप आ गई। सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में रबादा ने भुवनेश्वर को पीछे छोड़ दिया। राजस्थान के खिलाफ रबाडा ने 3 ओवरों में 33 रन देकर कुल 2 विकेट लिए।

18- कगिसो रबाडा (GT)
17- भुवनेश्वर कुमार (RCB)
17- अंशुल कंबोज (CSK)
16- प्रिंस यादव (LSG)
16- ईशान मलिंगा (SRH)

यह भी पढ़ें- हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव RCB के खिलाफ प्लेइंग-11 का होंगे हिस्सा? MI ने दिया बड़ा अपडेट

# फेंसिंग में जिले को सफलता



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** म.प्र. फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य कैडेट फेंसिंग ट्रायल्स आयोजन में इंदौर जिले के 4 खिलाड़ी वैष्णवी बोरकर (फॉइल गर्ल्स), नुर्वी जोशी (सेबर गर्ल्स), ह्रदिमा जगताप (सेबर गर्ल्स) एवं अश्विन राठौर (फॉइल बॉयज़) ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। वैष्णवी बोरकर एवं नुर्वी जोशी ने अपने-अपने वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप-4 में स्थान प्राप्त किया तथा 21वीं कैडेट नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 के लिए चयनित हुईं। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 23 से 28 मई 2026 तक रुद्रपुर, उत्तराखंड में आयोजित होगी।




# मदर्स-डे पर आज सुबह दुःखद हादसा

# बाइक सवार मां-बेटे को टैंकर ने मारी टक्कर, मां की मौत



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

आज मदर्स-डे पर बंगाली चौराहा पर सुबह दुखद हादसा हो गया। बेटे के साथ बाइक पर जा रही माँ को टैंकर ने चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की।

**बाइक पर लिखा था मॉम**

आज मदर्स-डे पर एक ओर जहां लोग अपनी माँ के साथ इस दिन को मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आज सुबह एक बेटे के सिर से माँ का साया उठ गया। बेटे के साथ काम पर जा रही माँ को टैंकर ने चपेट में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार घटना बंगाली चौराहा के समीप हुई। बेटे गणेश के साथ बाइक पर जा रही अर्चना राठौर निवासी ममताबाग कालोनी खजराना की ट्रैक्टर टैंकर क्रमांक एमपी-41 एए 5407 की



टक्कर के बाद महिला दूर जा गिरी थी और घटना स्थल पर ही सिर में गंभीर चोंट से जमकर खून बह निकला था। महिला को वहां से तत्काल एमवाय अस्पताल उपचार के लिए भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा अर्चना किसी अस्पताल में कार्यरत थी और बेटा उन्हें वहीं छोड़ने जा रहा था। एक बेटे के सामने आज माँ के ही दिवस पर माँ का साया ट्रैक्टर की टक्कर ने छीन लिया। बेटे की बाइक क्रमांक एमपी-09 वीडी 9745 पर मॉम के साथ दिल भी अंकित था।

# गाड़ी पार्किंग विवाद में फायरिंग

## युवक की कमर में मारी गोली,हालात गंभीर

**इंदौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र स्थित साप्टविजन कॉलेज के सामने वाले खाली मैदान में गाड़ी खड़ी करने की मामूली बात पर दो बदमाशों ने मिलकर एक युवक पर पिस्टल से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी आकाश पिता राजेंद्र सिंह निवासी लाल गली, परदेशीपुरा बीती शाम साप्टविजन कॉलेज के पास स्थित खाली मैदान में मौजूद थे। इसी दौरान वहां पहुंचे आरोपी अमित पिता रामखिलावन राजावत निवासी वेलोसिटी टाकीज के पीछे, विजयनगर और उत्तम ठाकुर निवासी बाणगंगा का आकाश से गाड़ी पार्क करने को लेकर विवाद हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने आकाश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद के बीच आरोपियों ने अपनी कमर से पिस्टल निकाली और जान से मारने की नीयत से आकाश पर फायर कर दिया। गोली आकाश की कमर के निचले हिस्से में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही तिलक नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अमित राजावत और उत्तम ठाकुर के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# पानी भरने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष डंडे और पत्थर चले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली में बीती शाम सरकारी बोरिंग से पानी भरने जैसी मामूली बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से डंडे और पत्थरों का खुलकर इस्तेमाल हुआ, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों ही पक्षों पर क्रॉस केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, घटना बीती शाम की है जब मोहल्ले में लगे सरकारी बोरिंग पर ग्रामीण पानी भरने पहुँचे थे। पहले पक्ष के फरियादी छोटेलाल पिता हरि नगराज निवासी चिखली ने आरोप लगाया कि बाबूलाल गावड़ और उसके बेटे दिनेश ने पानी भरने की बात पर उन्हें गालियां देनी शुरू कर दीं। जब छोटेलाल ने इसका विरोध किया, तो बाबूलाल ने पत्थर और दिनेश ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे छोटेलाल के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से बाबूलाल ने भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बाबूलाल का कहना है कि वह शांति से बोरिंग पर पानी भर रहा था, तभी आरोपी छोटेलाल ने विवाद शुरू किया और गाली-गलौज की। विरोध करने पर छोटेलाल ने पत्थर उठाकर बाबूलाल के सिर पर दे मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया।सिमरोल पुलिस ने छोटेलाल की शिकायत पर बाबूलाल और दिनेश के खिलाफ, वहीं बाबूलाल की शिकायत पर छोटेलाल के खिलाफ मारपीट और जानबूझकर चोट पहुँचाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## कोर्ट में गवाही देने पर भड़का बदमाश

**घर में घुसकर की तोड़फोड़, चाकू के हमले में बीच-बचाव करने वाला घायल**

**इंदौर।** चंद्रवतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुरखेड़ा में कोर्ट में गवाही देने की रंजिश को लेकर एक बदमाश ने पड़ोसी के घर पर हमला कर न केवल दरवाजे में तोड़फोड़ की, बल्कि चाकू से हमला भी किया। इस हमले में एक अन्य व्यक्ति बीच-बचाव के दौरान घायल हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम शिवपुरखेड़ा निवासी राजेन्द्र सिंह पिता रतनसिंह डोडिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि गांव का ही शुभम पिता चिंतामण उनसे पुरानी रंजिश रख रहा था। विवाद की मुख्य वजह एक कोर्ट केस में राजेन्द्र द्वारा दी जाने वाली गवाही थी। इसी बात से नाराज होकर आरोपी शुभम, राजेन्द्र के घर पहुंचा और अश्लील गालियां देते हुए लात मारकर दरवाजे में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विवाद बढ़ते देख जब आरोपी ने राजेन्द्र पर चाकू से हमला करने की कोशिश की, तो वहां मौजूद धनसिंह ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी ने धनसिंह पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उन्हें शरीर पर चोटें आई हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शुभम ने राजेन्द्र को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया।

## उधारी के रुपयों को लेकर विवाद

**कंपनी कर्मचारी के साथ मारपीट, तीन के खिलाफ केस दर्ज**

**इंदौर।** सांवेर थाना क्षेत्र के धरमपुरी में पुराने लेनदेन को लेकर विवाद और मारपीट की घटना सामने आई है। एक निजी कंपनी में कार्यरत कर्मचारी के साथ क्षेत्र के ही तीन लोगों ने मिलकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पिता और उनके दो बेटों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, धरमपुरी स्थित फ्लेक्सी केब कंपनी में रहने वाले दिनेश यादव पिता राजबली यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका आरोपियों से पैसों का पुराना लेनदेन है। इसी बात को लेकर आरोपी राजेन्द्र उर्फ बबलू पिता कस्तूरचंद अग्रवाल, उसके बेटे गोपाल अग्रवाल और हरिओम अग्रवाल ने दिनेश को रोका और विवाद शुरू कर दिया। विवाद के दौरान आरोपियों ने दिनेश को अश्लील गालियां दीं। जब पीड़ित ने विरोध किया, तो तीनों आरोपियों ने मिलकर उसके साथ हाथ-थप्पड़ से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने और जान से खत्म करने की धमकी भी दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकले।

# सफाई कार्य कर रही महिला पर गिरा बस से पार्सल

## तत्काल अस्पताल भेजा गया, हालत ठीक, निगम ने किया कार्गो सील

**इंदौर।** राजमोहल्ला वाल्मीकि बस्ती क्षेत्र में सफाई का कार्य कर रही कर्मी पर अहमदाबाद की ओर से आई एक बस पर ओवर लोड माल का कार्टन गिर पड़ा। आज रविवार होने के बावजूद सफाईकर्मी महिला सुनीता बाली जो राजमोहल्ला बस्ती में ही रहती है वे सुबह 7 बजे अपनी ड्युटी पर आई और सफाई कर रही थी तभी हंस चाल की बस इस इंडियन ट्रेवल्स एंड कार्गो राजमोहल्ला पर आकर रूकी। इस बस पर हमेशा की तरह आज भी कई दर्जन हैवी पार्सल ऊपर लोड





किए गए थे, जो खाली हो रहे थे। रहवासी क्षेत्र में रोजाना बसें बाहर से आती और जाती है, जिससे रहवासी परेशान हैं और आज सुबह इस हंस चाल बस से जब कार्टन खाली किए जा रहे थे और ऊपर से ही यह कार्टन फेंके जा रहे थे, ऊपर से फेंकने वाले ने यह नहीं देखा कि नीचे कौन है तभी सफाई महिला मित्र सुनीता बाली सफाई को अंजाम दे रही थी उनके ऊपर एक कार्टन आकर गिरा, जिसके चपेट में वे आई, बाद में वहां मौजूद लोगों ने कार्टन हटाकर महिला को बाहर निकाला, इसकी जानकारी तत्काल निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम को दी गई और इधर महिला को वर्मा यूनियन हास्पिटल में दाखिल कराया गया। महिला सफाईकर्मी सुनीता बाली की हालत ठीक है। अस्पताल में उनके एक्स-रे भी किए गए, इधर निगम की टीम ने आकर कार्गो को सील कर दिया। सफाईकर्मी महिला का हाल जानने वाल्मीकि सेना के पदाधिकारी इंजीनियर संतोष कल्याणे, राजेश मेवाती, राजेश धोलपुरे, विकास पथरोड, कालू चौहान भी अस्पताल पहुंचे थे।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।